## न्यूज ब्रीफ

### भाजपा नेता ने निभाई होली की परंपरा मटुकिया

**मिर्जापुर, अमृत विचार :** होली पर्व के अवसर पर भाजपा नेता कौशल मिश्रा ने क्षेत्र में प्रचलित पारंपरिक मटुकिया कार्यक्रम का निर्वहन करते हुए मिर्जापुर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों से मुलाकात की और सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने समाज में भाईचारे और सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया। मटुकिया परंपरा के अंतर्गत कौशल मिश्रा मिर्जापुर क्षेत्र में राकेश पांडे तथा प्रेमबीर सिंह के आवास पर पहुंचे, जहां उन्होंने परिवार के सदस्यों और स्थानीय लोगों से भेंट कर होली की बधाई दी तथा क्षेत्र में सुख शांति और समृद्धि की कामना की। इस दौरान पारंपरिक तरीके से उनका स्वागत किया गया। कौशल मिश्रा ने कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं बल्कि दिलों को जोड़ने वाला त्योहार है, जो समाज में आपसी प्रेम और सद्भाव को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि मटुकिया जैसी परंपराएं हमारी सांस्कृतिक विरासत हैं, जिन्हें संरक्षित कर नई पीढ़ी तक पहुंचाना आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान केसरिया हिंदू वाहिनी के जिला अध्यक्ष मनोज मिश्रा सहित मनमोहन द्विवेदी, एडवोकेट श्याम बाबू सिंह, अवधेश शुक्ला, मुकेश दीक्षित, दुर्गेश तिवारी और अम्बुज मिश्रा मौजूद रहे।

### युवक गिरफ्तार, तमंचा और कारतूस बरामद

**जैतीपुर, अमृत विचार :** थाना गढ़िया रंगीन पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए खमरिया गांव निवासी सोनू को उसके घर से अवैध असलहा सहित गिरफ्तार किया। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी के पास अवैध हथियार मौजूद है, जिस पर टीम ने मौके पर पहुंचकर छापेमारी की। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 315 बोर देशी तमंचा और कारतूस बरामद किया गया। पुलिस आरोपी को पकड़कर थाने लाई और उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई।

### शातिर अभियुक्त तमंचा समेत गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पुवायां पुलिस ने निगोही रोड पर शातिर अभियुक्त अमित निवासी नवावपुर गंगा थाना पुवायां को तमंचा व कारतूस समेत गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्त पर पहले से मुकदमें दर्ज है। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया।

# लाट साहब के जुलूस को लेकर रूट रहेगा डायवर्जन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** होली के पर्व को लेकर लाट साहब के जुलूस को लेकर सुबह 6 बजे से जुलूस की समाप्ति तक यातायात डायवर्जन व्यवस्था लागू रहेगी। जुलूस वाले मार्ग पर सभी प्रकार के वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई होगी।

बड़े लाट साहब का जुलूस चौक कोतवाली से चार खंभा चौराहा से बाबा विश्वनाथ मंदिर से कुशल होम्योपैथिक से पंखी चौराहा से घंटाघर, मालखाना मोड़ से चौक कोतवाली, पटी गली होते हुए सरौदी बंगले तक जाएगा। इसके लिए राजघाट तिराहा, बासमंडी तिराहा, लाल इमली चौराहा, दुर्गा तिराहा, त्रिमूर्ति कवि तिराहा, कनौजिया तिराहा, शहीद उद्यान, अंटा चौराहा पर बेरीकेडिंग कर यातायात बंद किया जाएगा। छोटे लाट साहब का जुलूस सरायकाइया तिराहा से पक्का पुल से पुत्तूलाल चौराहा पुनः सरायकाइया पर समाप्त होगा। जिसके लिए ग्रीन वैली चौराहा, पुत्तूलाल ओवरब्रिज के नीचे, हथौड़ा चौराहा, हनुमत धाम, नया पुल पर बेरीकेडिंग कर यातायात कोः बंद रहेगा। हाथीथान लाट साहब का जुलूस को संपन्न कराने को गदियाना तिराहा, मछली मार्केट, अशफाकनगर चौराहा, रेलवे स्टेशन के आगे बेरीकेडिंग लगाकर बंद किया जाएगा। शहर के अंदर आने वाले वाहन बरेली मोड़ और हरदोई चौराहा से अटसलिया पुल से हथौड़ा चौराहा, जीआईसी तिराहे गोविंदगंज ओवरब्रिज होकर बस स्टेंड जा सकेंगे।

## उतरते-चढ़ते समय यात्रियों में जमकर हुई नोकझोंक

# होली : सीटें फुल, गैलरी व शौचालय में सफर कर रहे यात्री

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** होली पर घर वापसी के लिए सोमवार से ट्रेनों में भीड़ बढ़ गई है। पूर्वांचल, बिहार और बंगाल जाने वालों की अधिक दबाव रहा है। ऐसे में यात्री शौचालय और गैलरी में बैठकर सफर कर रहे है। इस दौरान दो मिनट के स्टॉपेज को लेकर ट्रेनों से उतरने और चढ़ने वाले यात्रियों की आपस में नोझोंक और हाथापाई तक नौबत आ गई।

सरकारी छुट्टी और प्राइवेट फर्म में काम करने वाले कर्मचारियों की छुट्टी हो जाने के बाद होली के पर्व को लेकर अपने घरों की वापसी के लिए ट्रेनों से जाने लगे। साथ दिल्ली, पंजाब और चंदीगढ़ में काम करने वाले लोग यहां अपने घरों को वापस



ट्रेन में चढ़ने और उतरने को लेकर यात्रियों में होती नोंकझोंक। ● अमृत विचार

आ रहे है। डाउन लाइन की चंडीगढ़ एक्सप्रेस, दून एक्सप्रेस, श्रमजीवी एक्सप्रेस, पंजाब मेल, बेगमपुरा एक्सप्रेस, जनता एक्सप्रेस, पदमावत एक्सप्रेस आदि ट्रेनों में जनरल कोच में पैर रखने की जगह नहीं है। जनरल कोच में जगह न होने के कारण लोग शौचालय में बैठकर सफर कर रहे है। जनरल कोच में जगह न होने के कारण लोग स्लीपर कोच में घुसकर गैलरी में चादर बिछाकर सफर कर रहे है।

प्रत्येक ट्रेन के दो मिनट का स्टापेज को लेकर यात्रियों को काफी दिक्कत हो रही है। सोमवार की सुबह पौने आठ बजे चंडीगढ़ एक्सप्रेस आकर प्लेटफार्म एक पर आकर रुकी। ट्रेन में उतरने और चढ़ने को लेकर यात्रियों में आपस में नोकझोंक हो गयी और हाथापाई तक की नौबत आ गयी। इस दौरान कई लोगों की ट्रेन छूट गयी। कुल मिलाकर होली को लेकर ट्रेनों में भीड़ का दबाव बढ़ गया है। प्रत्येक ट्रेन में गार्ड की बोगी की पास महिला और दिव्यांग कोच होता है। पुरुष यात्री महिला कोच और दिव्यांग कोच में जबरन घुस जाते है। महिलाओं की सीट पर बैठ जाते है। महिला यात्री विरोध करती है तो पुरुष यात्री झगड़ा करने पर उतारू हो जाते है। महिला यात्री गार्ड से शिकायत करती है तो गार्ड नजरदांज कर देते है। आरपीएफ भी महिला कोच के पास नहीं जाते है।

### रंग वाले दिन दोपहर 1 बजे तक बसें रहेगी बंद

बुधवार को रंग वाले दिन रोडवेज डिपो की बसों का संचालन सुबह 8 बजे से दोपहर एक बजे तक बंद रहेगा। दोपहर 1 बजे के बाद बसों का संचालन शुरू होगा। वर्तमान समय निगम की बसों में दिल्ली और अजमेर से अधिक सवारियां आ रही है। इसके अलावा ट्रेन से आने वाले लोग खीरी और सीतापुर की बसों में अधिक भीड़ है। रविवार की डिपो की आय 39 लाख रुपये हुई है।

● यात्री बोले- दो मिनट के स्टापेज से छूट गईं ट्रेनें

# अबीर-गुलाल, कपड़ों की दुकानों में रही भीड़

## महानगर और आसपास बाजारों में खरीदारों से बढ़ी रौनक, मुख्य बाजार, चौराहों एवं संकरी सड़कों पर वाहनों का रहा दबाव

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** होली पर महानगर व आसपास के बाजारों में खरीदारों का उत्साह बढ़ा हुआ देखा गया। सोमवार को भी बाजारों में सुबह से ही खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इससे बाजार पूरी तरह गुलजार नजर आए। लोगों ने होली की तैयारियों को लेकर अबीर गुलाल, पिचकारी और रेडीमेड कपड़ों सहित अन्य जरूरी सामान की जमकर खरीदारी की।

बाजारों में महिलाओं, युवाओं और बच्चों की संख्या अधिक दिखाई दी। रंग गुलाल, कॉस्मेटिक, किराना और कपड़ों की दुकानों पर दिनभर ग्राहकों की आवाजाही बनी रही। बच्चों और युवाओं में रंग बिरंगे गुलाल और पिचकारियों को लेकर खास उत्साह देखने को मिला, जबकि परिवारों ने त्यौहार को ध्यान में रखते हुए नए कपड़ों की खरीदारी की। बढ़ती भीड़ के कारण बाजारों की सड़कों पर यातायात व्यवस्था भी प्रभावित रही और कई स्थानों पर जाम जैसी स्थिति बनी रही। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रमुख बाजारों और चौराहों पर पुलिस की निगरानी बढ़ाई गई। पर्व की खरीदारी के चलते बाजार क्षेत्र में दिनभर जाम की स्थिति बनी रही।

मुख्य बाजार, चौराहों और संकरी सड़कों पर वाहनों का दबाव इतना अधिक रहा कि दोपहिया और चारपहिया वाहन रेंगते हुए आगे बढ़ते नजर आए। खरीदारी के लिए बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने से पैदल चलना भी मुश्किल हो गया। दुकानों के सामने खड़े वाहनों और सड़क किनारे लगी अस्थायी दुकानों के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित रही। कई स्थानों पर लंबी कतारों में वाहन फंसे रहे, जिससे लोगों को काफी देर तक जाम में परेशान होना पड़ा। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिसकर्मी लगातार यातायात व्यवस्था संभालते रहे और भीड़ को व्यवस्थित करने का प्रयास किया गया, लेकिन खरीददारों की अधिक संख्या के कारण दिनभर जाम की समस्या बनी रही। किया जा रहा है।



बाजार में सजी नमकीन की दुकान। ● अमृत विचार

● प्रमुख बाजारों और चौराहों पर पुलिस की निगरानी बढ़ाई गई

### बाजार में उमड़ी खरीददारों की भारी भीड़



**तिलहर, अमृत विचार :** होली के महत्वपूर्ण पर्व को लेकर नगर क्षेत्र के बाजारों में इन दिनों भारी भीड़ उमड़ रही है। त्योहार की तैयारियों के चलते नगर की प्रमुख सड़कों और बाजारों में सुबह से देर शाम तक खरीदारी करने वालों की आवाजाही बनी रही, जिससे हर ओर चहल पहल का माहौल दिखाई दिया। होली के उत्साह के चलते नगर की सड़कें भीड़ के कारण मानो छोटी पड़ गई हों। बड़ी संख्या में नागरिक खरीदारी के लिए बाजार पहुंच रहे हैं, जिसके चलते कई स्थानों पर जाम जैसी स्थिति बनी रही। हालांकि व्यापारियों के अनुसार अभी तक रंग और पिचकारी की दुकानों पर पिछले वर्षों की तुलना में अपेक्षित भीड़ नहीं पहुंची है, जबकि दुकानदारों ने पहले से पर्याप्त तैयारी कर रखी है। बढ़ती भीड़ को देखते हुए यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए नगर के मुख्य स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है।

# एसपी ने लाट साहब के जुलूस को लेकर की ब्रीफिंग

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** एसपी राजेश द्विवेदी ने आगामी होली पर लाट साहब जुलूस को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत व्यापक तैयारियों की समीक्षा करते हुए उच्च स्तरीय ब्रीफिंग बैठक की।

बैठक में जुलूस मार्ग का बिंदुवार सुरक्षा व्यवस्था, सेक्टर एवं जोन निर्धारण, पिकेट ड्यूटी, मोबाइल पार्टी, क्यूआरटी तैनाती तथा संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थलों पर विशेष प्रबंधों की विस्तृत समीक्षा की गई। कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु समुचित पुलिस बल की तैनाती, मजिस्ट्रेट की नियुक्ति, ड्रोन एवं सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी तथा खुफिया तंत्र की सक्रियता सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए गए। यातायात प्रबंधन के अंतर्गत वैकल्पिक मार्गों का निर्धारण, डायवर्जन प्लान, बैरिकेडिंग व्यवस्था, भारी वाहनों के आवागमन पर नियंत्रण, एम्बुलेंस, अग्निशमन वाहनों के लिए ग्रीन कॉरिडोर सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। एसपी ने निर्देशित किया कि जुलूस के दौरान पूर्ण सतर्कता, सजगता एवं अनुशासन बनाए रखें। ड्यूटी के दौरान संयम, धैर्य एवं शालीनता का पालन अनिवार्य रूप से करें तथा आमजन के साथ सौम्य एवं संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित करें।

किसी भी प्रकार की अफवाह, उत्तेजक गतिविधि अथवा अव्यवस्था की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। गैर जनपदों से प्राप्त पुलिस बल को उनके ड्यूटी प्वाइंट, सेक्टर प्रभारी एवं रिपोर्टिंग व्यवस्था के संबंध में स्पष्ट रूप से अवगत कराया गया, जिससे समन्वित एवं त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित हो सके। प्रशासन की प्राथमिकता है कि होली पर्व एवं 'लाट साहब'जुलूस शांति, उल्लास एवं भाईचारे के साथ संपन्न हो। बैठक में नगर आयुक्त, सिटी मजिस्ट्रेट, एडीएम (ई), एडीएम (एफआर), अपर एएसपी ग्रामीण एएसपी सिटी आदि अधिकारी मौजूद रहे।

● संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थलों पर विशेष प्रबंधों की विस्तृत समीक्षा की गई

# योग साधकों ने आनंद व उल्लास से मनाई होली

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** योग विज्ञान संस्थान की जिला इकाई के तत्वावधान में "होली के रंग- योग के संग" कार्यक्रम का आयोजन सीतापुर नेत्र चिकित्सालय का प्रांगण किया गया। जिसमें योग साधकों ने पूरे आनंद व उल्लास के साथ होली का पर्व मनाया गया।

कार्यक्रम का आरम्भ नगर आयुक्त डॉ बिपिन कुमार मिश्र, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ कवि राधेमोहन मिश्र मटियारी व डॉ पुनीत टण्डन ने भगवान श्री कृष्ण के चित्र पर अबीर गुलाल व पुष्प अर्पित कर किया। इसके बाद अतिथि कवि राधे मोहन मिश्र मटियारी ने शानदार होली गीत सुनाये। शुरुआत महिला साधिकाओं द्वारा गणेश वंदना से की गई। तदोपरान्त साधिकाओं ने "होली खेले रघुवीरा अवध में", "रंग बरसे भीगे चुनर वाली", " होली आई रे कन्हाई" आदि गीतों पर जमकर ठुमके लगाए।

संचालन करते हुए कवि डॉ इन्दु अजनबी ने होली पर राधा रानी की व्यथा सुनाई। कार्यक्रम के संयोजन में ज़िला महिला योग प्रमुख ज्योति गुप्ता, केन्द्र प्रमुख बिपिन रस्तोगी का विशेष सहयोग रहा। स्वागत सम्बोधन प्रधान डॉ अवधेश मणि त्रिपाठी ने किया। ॐ की मधुर ध्वनि के साथ शुरू हुए आयोजन में उपप्रधान जीसी मिश्रा,राजेश दीक्षित, पद्मा गुप्ता, संध्या गुप्ता, रचना चांदना, डॉ सारिका अग्रवाल, अर्चना दीक्षित, ललित मोहन, मधु सक्सेना, प्रमोद पाण्डेय, आलोक दुबे, आशाराम गुप्ता, अनीता शुक्ला, तेजवीर गुप्ता, अनामिका अवस्थी, कौशल शुक्ला, लीना सागर, निशा बरनवाल, स्वतंत्र रस्तोगी, डॉ राजेन्द्र कुशवाहा, जवाहर लाल रस्तोगी, सौरभ गोयल, अनामिका मिश्रा, सुमन सिंह, सावित्री, निमिषा मिश्रा, रेखा सक्सेना, प्रवीण मिश्रा, गीता सिंह, रेनू मौर्या, रेखा कुशवाहा, माया द्विवेदी, आरती गुप्ता, सुनीता सूरी, वेदप्रकाश अग्रवाल, सतवीर मोंगा, संजना गुप्ता, मीना अग्निहोत्री, रितु सिंह समेत अनेक साधक साधिकाएं उपस्थित रहे।




योग विज्ञान संस्थान की जिला इकाई के तत्वावधान में "होली के रंग- योग के संग" कार्यक्रम में मस्ती में झूमती महिलाएं।

● होली के रंग- योग के संग कार्यक्रम का रंगारंग आयोजन

## होली रंगोत्सव का किया आयोजन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल शाहजीपुर महानगर की ओर से सामाजिक समरसता होली रंगोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन माता सती देवी मंदिर विसरात परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन बजरंग दल महानगर संयोजक हर्षित गुप्ता ने किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर समरसता प्रमुख सुरेश राठौर ने की। मुख्य वक्ता के रूप में विभाग मंत्री विश्व हिंदू परिषद अश्नील सिंह ने उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए सामाजिक समरसता, संगठन की एकजुटता तथा राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। सभी लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर एवं गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रांत मिलन प्रमुख हरीश प्रजापति, प्रांत विद्यार्थी प्रमुख अंकित मिश्रा सम्राट, महानगर मंत्री धर्मेंद्र सिंह, महानगर उपाध्यक्ष रमेश कोरी आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने शहर में निकाला फ्लैग मार्च

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** शहर में निकलने वाले लाट साहब जुलूस को लेकर पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि होली का पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में बनाए। किसी ने माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया तो उसे बख्शा नहीं जाएगा और शरारती लोगों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। गैर जिले से पुलिस फोर्स आ गया है।

होली पर लाट साहब का जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए चार कंपनी पैरा मिलेट्री फोर्स, पीएसी, गैर जिले से 60 निरीक्षक, 300 उप निरीक्षक, 1200 हेड कांस्टेबल, सिपाही और 600 होमगार्ड ने पुलिस लाइन में आमद करा दी है। इसके अलावा जिले का पुलिस फोर्स रहेगा। होलिका पर पुलिस फोर्स की ड्यूटी लगायी गयी है। प्रत्येक चौराहे, संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस फोर्स की ड्यूटी लगायी गयी है। शराब पीकर सड़क पर झगड़ा करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसी ने माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। जुलूस में सिविल में फोर्स तैनात रहेगा। रंग वाले दिन दोपहर 01 बजे तक दो पहिया और चार पहिया वाहन बंद रहेंगे। सड़क पर वाहन चलता मिला तो उसे सीज कर दिया जाएगा। एसपी राजेश द्विवेदी के नेतृत्व में शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया। एसपी ने लोगों से अपील की है कि होली पर जुलूस शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बन की तैनाती की गयी। पुलिस शांति, सुरक्षा एवं जन सुविधा के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है।



शहर में फ्लैग मार्च निकालते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

● अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई, शरारती लोगों पर रखी जाएगी नजर

# मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने दीं जिले वासियों को होली की शुभकामनाएं

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने रंगों के पावन पर्व होली के अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं बल्कि आपसी प्रेम, सम्मान, सौहार्द और सहयोग का प्रतीक है, जो समाज में भाईचारे और एकता का संदेश देता है।



सुरेश कुमार खन्ना।

मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने होली पर्व को देखते हुए जिलाधिकारी, पुलिस कमिश्नर एवं नगर आयुक्त को पत्र भेजकर जनपद के प्रमुख स्थानों पर साफ सफाई तथा आवश्यक व्यवस्थाओं के व्यापक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जनपद में होली का पर्व बड़े स्तर पर मनाया जाता है और विभिन्न स्थानों पर होलिका दहन पूजा तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होते हैं, इसलिए आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए प्रशासन को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग होली का त्योहार प्रेम, सौहार्द और सामाजिक आत्मीयता के साथ मनाएं तथा प्रशासन की ओर से जारी दिशा निर्देशों का पालन करें, जिससे पर्व शांति और उल्लास के वातावरण में संपन्न हो सके।

● बोले-आपसी प्रेम, सम्मान सौहार्द्र और सहयोग का प्रतीक है होली का पर्व

# स्नेहिल फुहार कार्यक्रम के साथ मनाई होली

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** लीड कान्वेंट स्कूल में सोमवार को होली पर्व के अवसर पर विद्यार्थियों के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम को स्नेहिल फुहार नाम दिया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं और शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर रंगों के त्योहार को उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या तराना जमाल ने कहा कि होली परंपरा, प्रसन्नता और आपसी भाईचारे का पर्व है, जो समाज में प्रेम और सद्भाव का संदेश देता है। कार्यक्रम के दौरान शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया तथा सभी को मिठाई खिलाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में बच्चों ने हाथों से रंग सजाकर मटकी पेंटिंग, फेस पेंटिंग, आकर्षक मास्क निर्माण और रंग-बिरंगे स्लोगन लिखकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने होली गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में उत्साह का माहौल बना दिया। शिक्षकों ने भी बच्चों को अबीर गुलाल लगाकर आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में आरना, वंश, वेदिका, वेदांश, अविका, माहिर, दक्ष, उन्नति, अभीक, रिशिका, सातविक, अभिराम, शौर्य, ईशाना, आरव, आव्या, श्रेया, सिद्धि, शानवी, नील, अयांश, अनिका और हर्शी सहित अन्य विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के निदेशक मोहम्मद जमाल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए होली पर्व की शुभकामनाएं दीं।




लीड कान्वेंट स्कूल में स्नेहिल फुहार कार्यक्रम के दौरान रंगों के साथ होली मनाते छात्र-छात्राएं व शिक्षक। ● अमृत विचार

● होली परंपरा, प्रसन्नता और आपसी भाईचारे का पर्व है

# होली पर सफाई और सुरक्षा व्यवस्था रहे चाक चौबंद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने होली पर्व को लेकर जिला प्रशासन, पुलिस और नगर निगम अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मंत्री की ओर से जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व नगर निगम प्रशासन को पत्र भेजकर त्योहार को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया है।

पत्र में कहा गया है कि शाहजहांपुर में होली का पर्व परंपरागत रूप से व्यापक स्तर पर मनाया जाता है। शहर के प्रमुख स्थानों पर होलिका दहन पूजा व होली के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होते हैं। इनमें बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी रहती है। इसे देखते हुए आमजन की सुविधा के लिए साफ सफाई, स्वच्छता और अन्य व्यवस्थाओं का समुचित प्रबंध किया जाना आवश्यक है। मंत्री ने जिलाधिकारी और नगर निगम अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शहर के प्रमुख स्थानों पर साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था और आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। वहीं पुलिस अधीक्षक को भेजे पत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने तथा प्रभावी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से जनहित में समय रहते आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है।

● वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने डीएम, एसपी और नगर निगम को भेजे पत्र



**इफ्तार** मंगलवार
सुन्नी : 6:16
शिया : 6:30

**सहरी** बुधवार
सुन्नी : 5:08
शिया : 5:01

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क हादसों में दो बाइक सवार घायल

**तिलहर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के अलग अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो मोटरसाइकिल सवार घायल हो गए। हादसों के बाद दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। मिली जानकारी के अनुसार अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार कांठ थाना क्षेत्र के भरतपुर फैजुल्लागंज निवासी राम प्रताप पुत्र जगराज घायल हो गए। वहीं एक अन्य सड़क दुर्घटना में कुलदीप पुत्र छेदा लाल भी घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार दिया गया, जहां से हालत को देखते हुए उन्हें आगे के उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

### ट्रांसफार्मर से तेल चोरी अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पुवायां रोड 132 केवी हाइडिल कालोनी के अवर अभियंता संजीव कुमार ने रोजा थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि विद्युत केंद्र अटसलिया पर तैनात है। 01 मार्च की रात में अटसलिया में स्थित चोरों ट्रांसफार्मर को क्षतिग्रस्त कर दिया। आरोप है कि ट्रांसफार्मर से तेल चुरा लिया। पुलिस ने अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस जांच कर रही है।

### पॉक्सो एक्ट के आरोपी को किया गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सिंधौली थाना के उप निरीक्षक निमेश कुमार ने बताया कि अभियुक्त रुपेश निवासी सिंधौली के खिलाफ पाक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और चालान कर दिया।

# हादसे में पिता-पुत्र की मौत, दो घायल

## ई-रिक्शा से बाजार जा रहे थे, जलालाबाद-फर्रुखाबाद मार्ग पर डीसीएम ने मारी टक्कर

- हादसे के बाद चालक डीसीएम छोड़कर मौके से फरार

संवाददाता, शाहजहांपुर/अल्हागंज



पोस्टमार्टम हाउस पर जानकारी देते मृतक के परिजन। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** जलालाबाद-फर्रुखाबाद मार्ग पर डीसीएम ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा पर सवार पिता-पुत्र घायल हो गए। अल्हागंज पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को जलालाबाद सीएचसी पर भेज दिया। डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। दोनों जलालाबाद में होली की खरीददारी करने के लिए जा रहे थे। चालक डीसीएम छोड़कर भाग गया।

अल्हागंज थाना क्षेत्र के गांव देहना निवासी 32 वर्षीय रविराज ने अपने 12 वर्षीय बेटे पीयूष से कहा कि होली का पर्व है और जलालाबाद बाजार में चलकर सामान खरीदकर लाते है। सोमवार की सुबह साढ़े 10 बजे पिता और पुत्र ई-रिक्शा में बैठकर जलालाबाद बाजार जा रहे थे। जलालाबाद-फर्रुखाबाद मार्ग पर सीएनजी गैस सिलेंडर से भरे डीसीएम ने ई-रिक्शा को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों लोग ई-रिक्शा से बाहर जाकर गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। साथ ही ई-रिक्शा चालक सरबजीत और उसके पिता मुन्ना लाल भी घायल हो गए। चालक डीसीएम छोड़कर भाग गया। अल्हागंज पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सीएचसी पर भेज दिया। डाक्टर ने रविराज और उसके बेटे पीयूष को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने डीसीएम को कब्जे में ले लिया। अल्हागंज प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



पीयूष।



रवि राज।

### मातम में बदली होली की खुशियां

रविराज के घर में होली को लेकर तैयारी चल रही थी। उन्होंने बेटे पीयूष से कहा था कि बाजार चलो और रंग आदि सामान खरीदकर ले आते है। उन्होंने सपने में नहीं सोचा था कि उनके साथ हादसा हो जाएगा। वह पत्नी रोशनी देवी और एक बेटा पीयूष और दूसरा बेटा अनिल का भरण पोषण करते थे। मृतक खेतीबाड़ी करते थे। एक घर में दो मौत को लेकर होली की खुशियां मातम में बदल गयी। दोनों के शव पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचने पर रोना पीटना मच गया।

# पुलिस ने गुम हुए 35 लाख रुपये के 151 मोबाइल बरामद कर लौटाए

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** एसओजी और सर्विलांस की संयुक्त टीम ने गुम हुए 151 मोबाइल फोन बरामद किए है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 35 लाख रुपये है। एसपी राजेश द्विवेदी ने मोबाइल स्वामियों को मोबाइल सुपुर्द कर दिए है।

एसपी राजेश द्विवेदी ने बताया कि पिछले कुछ समय से पुलिस की ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से मोबाइल चोरी और गुम होने की शिकायतें लगातार मिल रही थी। इन शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए मोबाइल बरामदी के लिए सर्विलांस टीम और एसओजी टीम को लगाया गया था। टीम ने गुम और चोरी हुए मोबाइल नंबर को सर्विलांस पर लगाकर ट्रेस किया। पुलिस टीम ने गहन जांच के बाद जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 151 मोबाइल बरामद किए है। बरामद किए मोबाइल मालिकों में दो पुलिस कर्मचारी भी शामिल है। एसपी ने मोबाइल मालिकों को पुलिस लाइन परिसर में बुलाया और उनके चोरी और गुम हुए मोबाइल सौप दिए। एसपी ने बताया कि प्रक्रिया इस प्रकार है कि पोर्टल लिंक पर जाए, विकल्प चुने, मोबाइल का आईएमईआई नंबर, सिम नंबर, शिकायत दर्ज कराए, थाना स्तर से सत्यापन करने के बाद मोबाइल को ट्रेस करने की कार्रवाई की जाती है, जब मोबाइल बरामद हो जाए तो मोबाइल को अनब्लाक करें, मोबाइल खरीदते समय उसका आईएमईआई नंबर सुरक्षित रख ले। टीम में उप निरीक्षक मनोज कुमार आदि स्टाफ शामिल था।



मोबाइल स्वामियों के साथ एसपी राजेश द्विवेदी व अन्य पुलिस अधिकारी।

- एसपी ने मोबाइल मालिकों से कहा- मोबाइल का आईएमईआई नंबर रखें सुरक्षित

# स्पेलर मशीन में फंसकर कंधे से हाथ अलग

- सुरजूपुर गांव में खली निकालते समय हुआ हादसा, जुटी ग्रामीणों की भीड़
- प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने बरेली के निजी अस्पताल किया रेफर

संवाददाता, जैतीपुर



हादसे के बाद घायल किशोर का उपचार करते डॉक्टर। • अमृत विचार

**अमृत विचारः** सुरजूपुर गांव में स्पेलर मशीन पर काम के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। 12 वर्षीय किशोर का हाथ कंधे से अलग हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई और आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत मदद पहुंचाई।

जानकारी के अनुसार सुरजूपुर गांव के बिनौरा मोड़ पर हरिशंकर राठौर का सरसों सहित अन्य तेल निकालने का स्पेलर लगा हुआ है। रविवार शाम करीब पांच बजे मशीन चल रही थी। इसी दौरान गांव निवासी विश्राम का 12 वर्षीय बेटा रवि स्पेलर से खली निकालने लगा। तभी उसके हाथ में पहना कड़ा मशीन में फंस गया और देखते ही देखते उसका हाथ कंधे से अलग हो गया। हादसा होते ही हरिशंकर राठौर ने तुरंत स्पेलर बंद किया, लेकिन तब तक किशोर गंभीर रूप से घायल हो चुका था और मौके पर काफी खून फैल गया। सूचना मिलने पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल रवि को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। रवि के पिता विश्राम ने बताया कि उनका बेटा खेलते हुए स्पेलर के पास पहुंच गया था। हालत गंभीर होने पर उसे बेहतर इलाज के लिए बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना प्रभारी प्रिंस शर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# जलालाबाद में किशोरी, पुवायां में युवती ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- पेड़ और कमरे में फंदे से लटके मिले शव पोस्टमार्टम को भेजे

**अमृत विचार :** जलालाबाद क्षेत्र में किशोरी का शव घर से कुछ दूरी पर दुपट्टे से लटका मिला, जबकि पुवायां क्षेत्र में युवती का कमरे में शव लटका मिला। दोनों घटनाओं में परिवार वालों ने डांट दिया था।

जलालाबाद थाना क्षेत्र में गांव रैपुरा निवासी 16 वषीय रजनी रविवार की रात में किसी समय घर का दरवाजा खोलकर बाहर निकल गई। परिवार वाले सोमवार की सुबह 6 बजे उठे तो देखा कि रजनी घर के अंदर नहीं और मकान का दरवाजा खुला हुआ है। परिवार वालों ने उसकी तलाश की तो घर से कुछ दूरी पर पेड़ से दुपट्टे से उसका शव लटका हुआ था। गांव वालों की भीड़ लग गई। मौत की खबर से परिवार वालों में रोना पीटना मच गया। परिवार वालों ने जलालाबाद पुलिस को सूचना दी। जलालाबाद प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार तोमर फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और किशोरी के शव को नीचे उतार लिया। परिवार वालों ने पहले पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। परिवालों ने पुलिस को बताया कि किसी बात को लेकर रजनी को डांट दिया था। परिजनों का किसी पर कोई आरोप नहीं है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



रोते बिलखते मृतका रजनी के परिवार वाले। • अमृत विचार

पुवायां थाना क्षेत्र के गांव इटौली निवासी 19 वर्षीय रीति देवी उर्फ लक्ष्मी देवी रविवार की रात 9 बजे खाना खाया और अपने कमरे में सोने के लिए चली गई। सोमवार की सुबह 8 बजे तक रीति देवी सोकर नहीं उठी तो परिवार वालों ने कमरे का दरवाजा खटखटाया और दरवाजा नहीं खुला। परिवार वालों ने खिड़की से झाककर देखा तो उसका शव दुपट्टे से कुंडे से लटका हुआ था। परिवार में रोना पीटना मच गया। मृतका के पिता बैद्यनाथ ने पुवायां थाना को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा। पुलिस की फोरेसिंक टीम मौके पर पहुंची और जांच करके नमूना लिया। बैद्यनाथ ने बताया कि उसकी बेटी के काफी समय से सिर में दर्द रहता था। उसका इलाज चल रहा था, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ था। इसी वजह परेशान होकर उसकी बेटी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पिता का कोई आरोप नहीं है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# रोजा पॉवर टाउनशिप में फ्लावर शो का आयोजन

संवाददाता, शाहजहांपुर

- कार्यक्रम में 23 प्रजातियों के फूलों और सजावटी पौधों को प्रदर्शित किया गया

**अमृत विचारः** होली पर्व की आहट के बीच रोजा पावर सप्लाई कंपनी लिमिटेड की टाउनशिप में भव्य फ्लावर शो का आयोजन किया गया, जिसमें रंग-बिरंगे फूलों और पौधों की आकर्षक प्रदर्शनी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रही। कार्यक्रम में लगभग 23 प्रजातियों के फूलों और सजावटी पौधों को प्रदर्शित किया गया, जिनकी मनमोहक सजावट से पूरा परिसर सुगंधित और सुंदर दिखाई दिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन स्टेशन डायरेक्टर हृदय तोमर ने फीता काटकर किया। उन्होंने टाउनशिप के निवासियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और हरियाली को बढ़ावा देने की अपील करते हुए पर्यावरण संरक्षण में सहभागिता निभाने का आह्वान किया। फ्लावर शो में एस्टर, पिटूनिया, फ्लॉक्स, जरबेरा, कैलेंडुला, डहेलिया, बरबीना, पैंजी, साल्वीया, डायनथस, एंथूरियम और मैरीगोल्ड समेत विभिन्न प्रजातियों के फूल प्रदर्शित किए गए। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए फूलों के नामों पर आधारित क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में निरंजन जेना, सुरेंद्र सिंह, उमेश यादव, धर्मेंद्र बैस, शुभेंदु डे, मनीष कुमार सिंह, अविनाश शुक्ला, राजू शर्मा, ओम प्रकाश, शरद मिश्रा, शैलेंद्र मिश्रा, के एन पांडेय, मीना तोमर, रेखा जेना, अंजना बैस, अपर्णा सिन्हा, रूचि सिंह सहित टाउनशिप एवं आसपास क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# ट्रेन से यात्री को बेहोशी हालत में उतारा मेडिकल कॉलेज भेजा

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** जननायक एक्सप्रेस में एक यात्री को अचानक बेहोश हो गया। आरपीएफ और जीआरपी ने उसे उतारा। यात्री को मेडिकल कालेज भेज दिया। ट्रेन करीब 15 मिनट खड़ी रही। जननायक एक्सप्रेस रविवार को दिन में साढ़े 12 बजे प्लेटफार्म तीन पर आकर रुकी। इंजन से दूसरी बोगी में एक यात्री बेहोशी की हालत में सीट पर पड़ा था। यात्रियों ने इंजन के लोको पायलट से कहा कि सीट पर एक यात्री बेहोशी की हालत में पड़ा है। लोको पायलट ने आकर कोच में देखा और स्टेशन मास्टर को सूचना दीं। इस दौरान आरपीएफ और जीआरपी कोच के पास पहुंचे। आरपीएफ और जीआरपी ने यात्री को बेहोशी की हालत में उतारा, जिसकी उम्र करीब 45 साल होगी। इस दौरान जननायक एक्सप्रेस करीब 15 मिनट खड़ी रही। आरपीएफ ने यात्री को बेहोशी की हालत में मेडिकल कालेज भेज दिया।

# खामेनेई की मौत पर शिया समुदाय ने निकाला कैंडल मार्च

- बिजलीपुरा जामा मस्जिद से अंटा चौराहे तक निकाला जुलूस
- अमेरिका और इजरायल के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत की खबर के बाद यहां शिया समुदाय में गहरा रोष व्याप्त है। रविवार देर शाम शिया जामा मस्जिद बिजलीपुरा में शिया समुदाय के लोगों ने कैंडल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। जुलूस में शामिल पुरुष व महिलाओं ने हाथों में खामेनेई के पोस्टर उठाकर ट्रंप और नेतन्याहू के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

रविवार रात आठ बजे शिया समुदाय के धर्मगुरु मौलाना इमरान अली के नेतृत्व में दर्जनों लोग बिजलीपुरा स्थित जामा मस्जिद पर जमा हुए। सभी लोग अपने हाथों में अयातुल्ला अली खामेनेई के पोस्टर और मोमबत्तियां लिए हुए थे। इस दौरान लोगों ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और इजरायली राष्ट्रपति नेतनयाहू के खिलाफ नारेबाजी करते हुए गम व गुस्से का इजहार किया।





ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई की मौत की खबर के बाद बिजलीपुरा से कैंडल मार्च निकालते शिया समुदाय के लोग।

कैंडल मार्च जामा मस्जिद बिजलीपुरा से अंटा चौराहा होता हुआ पुराना अस्पताल के निकट पहुंचा। जहां मौलाना इमरान अब्बास ने लोगों से एकजुटता के साथ शोक व्यक्त करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि सभी शिया घरों, इमामबाड़ों और धार्मिक स्थलों पर काले परचम लगाए जाएं। आयोजकों ने बताया कि जुलूस में पोस्टर और मोमबत्तियां लेकर बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। शोक सभा में अपने प्रिय दिवंगत नेता खामनेई के जीवन, उनके विचारों और योगदान को याद किया गया। उनके लिए सामूहिक प्रार्थना की गई।

कैंडल मार्च में चौक इमामबाड़ा के रागिब अब्बास, शिया धर्मगुरू फिरोज अब्बास, वकार उल हसन, हसन असकरी, शाहिद रजा, कमर अब्बास, गाजी अब्बास, वसीमुल हसन, खावर अब्बास, जफर हसनैन, नासिर मेहंदी जैदी, मकसूद उर रजा, फैजान रजा आदि समेत दर्जनों शिया समुदाय के लोग शामिल रहे। जुलूस में शिया महिलाओं की भी भागीदारी रही। शांति और सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल मुस्तैद रहा।

# हत्या के प्रयास का आरोपी बाल अपचारी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कटरा क्षेत्र में छात्र नैतिक को गोली मारकर घायल करने के मामले में पुलिस ने आरोपी बाल अपचारी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पिता का लाइसेंसी पिस्टल और खोखा बरामद कर लिया है। कटरा थाना क्षेत्र के मोहल्ला कहरान बजरिया निवासी राधा जायसवाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शनिवार की शाम उसके बेटे नैतिक जायसवाल एक किशोर घर से बुलाकर ले गया था। उसे एक घंटे बाद बेटे के गोली मारने की सूचना मिली थी। वह मौके इंटर कालेज पर पहुंची तो उसका बेटा खून से लथपथ पड़ा हुआ था। उसके गोली बायी ओर छाती में लगी थी। पुलिस ने बाल अपचारी को गिरफ्तार कर लिया और पिस्टल बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक सागर मानव आदि स्टाफ मौजूद रहा।

# गांधीवादी सत्याग्रह 71वें दिन भी जारी

- कई गांवों में किसानों ने प्रशासन से की कार्रवाई करने की मांग
- समस्याएं न सुलझने पर दी 23 को सामूहिक गिरफ्तारी की चेतावनी

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार :** भारतीय कृषक दल की ओर से किसानों की समस्याओं को लेकर चलाया जा रहा गांव गांव व्यापक गांधीवादी सत्याग्रह 71वें दिन भी लगातार जारी रहा। अभियान के तहत क्षेत्र के रतनपुर, जौरा भूड़, छिकरापुर, डडिया, रहदेवा, टीसुई, रजपुरा, रैना, सलेमपुर खुर्द, नगरिया सहित जिला के विभिन्न गांवों में किसानों के बीच जनजागरण अभियान चलाया गया।

भारतीय कृषक दल के राष्ट्रीय महासचिव प्रमोद यादव जनसेवक के नेतृत्व में सत्याग्रह के माध्यम से किसानों की समस्याओं को उठाते हुए शासन प्रशासन से धरातल पर कार्रवाई की मांग की जा रही है। उन्होंने कहा कि छुट्टा पशु की समस्या व जनहित की उपेक्षा के कारण ग्रामीणों और किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि समय रहते कृषि, किसान और गौवंश की सुरक्षा को लेकर ठोस कदम नहीं उठाते हैं तो 23 मार्च को खिरनी बाग मैदान शाहजहांपुर में सामूहिक गिरफ्तारी देकर प्रदेशव्यापी आंदोलन की शुरुआत की जाएगी।



किसानों के बीच गांधीवादी सत्याग्रह अभियान चलाते भारतीय कृषक दल के पदाधिकारी।

# प्रमुख चौराहों व संवेदनशील स्थानों पर पुलिस फोर्स तैनात

संवाददाता, परौर

- किसी प्रकार की अराजकता या कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर होगी कार्रवाई

**अमृत विचारः** होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए परौर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। थाना अध्यक्ष रामेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन ने क्षेत्र में विशेष रणनीति लागू करते हुए प्रमुख चौराहों, संवेदनशील स्थानों और ग्रामीण इलाकों में अतिरिक्त पुलिस की तैनाती कर दी है।

थाना अध्यक्ष रामेन्द्र सिंह ने बताया कि होली जैसे प्रमुख त्यौहार पर किसी भी प्रकार की अराजकता या कानून व्यवस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस टीम लगातार क्षेत्र में गश्त कर रही है तथा हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है। संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर वहां विशेष निगरानी की व्यवस्था की गई है, जिससे किसी प्रकार का विवाद या अफवाह फैलने की स्थिति न बन सके।

उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली भ्रामक और आपत्तिजनक पोस्टों की भी लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। साइबर सेल की मदद से ऐसे लोगों की पहचान की जा रही है जो माहौल खराब करने का प्रयास कर सकते हैं। थाना अध्यक्ष ने चेतावनी देते हुए कहा कि त्योहार की आड़ में हुड़दंग, जबरन रंग डालने, शराब पीकर उपद्रव करने अथवा झगड़ा करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# महिला कांग्रेसियों ने एपस्टीन फाइल के विरोध में किया धरना-प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा व प्रदेश अध्यक्ष पश्चिमी जोन भारती त्यागी के निर्देश पर महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष अर्चना कटारिया के नेतृत्व में सोमवार को शाहजहांपुर में महिला कांग्रेस की नेताओं ने व्हाइट टी-शर्ट पर द पीएम इज़ कॉम्प्रोमाइज्ड लिखकर एप्सटीन फाइल के विरोध मैं धरना प्रदर्शन किया। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष अर्चना कटारिया के नेतृत्व में सिग्नेचर अभियान चलाकर महिला नेत्रियों हरदीप पुरी के इस्तीफे की मांग की। अर्चना कटारिया ने कहा कि वे "एप्सटीन फाइल" से जुड़े मुद्दों को सार्वजनिक करने और कथित समझौतों पर स्पष्टता की मांग कर रहे हैं। कहा कि देश की जनता सच्चाई जानना चाहती है और यदि किसी भी स्तर पर समझौता हुआ है तो उसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि महत्वपूर्ण मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश की जा रही है। लेकिन विपक्ष सच जान कर रहेगा कि बिजनेसमैन व राजनीतिज्ञ के नामों को क्यों छुपाया जा रहा है।



एपस्टीन फाइल के विरोध में व्हाइट टी-शर्ट पहनकर प्रदर्शन करतीं कांग्रेसी महिलाएं।

- व्हाइट टी-शर्ट पर द पीएम इज कॉम्प्रोमाइज्ड लिख जताया विरोध

महिला कांग्रेस ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। यह देश के मान और सम्मान की बात है, इसको ऐसे ही नहीं छोड़ा जाएगा। विरोध प्रदर्शन में महानगर अध्यक्ष सीमा गौतम, उपाध्यक्ष जितेंद्री मिश्रा, सीमा, राधा सोनम, तबस्सुम, रेहाना, मीरा, मीनू, नौशाबा, गुंजा आदि शामिल रहीं।

# बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर



डा. मोहित गुप्ता
M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय - प्रातः 10 से 12:30 बजे तक एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक
अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक

सुविधायें
ब्रेन हैमरेज | स्लिप डिस्क
ब्रेन ट्यूमर | मिर्गी का दौरा
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
रीढ़ की चोट, टी.बी
सिर दर्द, माइग्रेन
कमर दर्द, कंधों में दर्द
पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
सिर की चोट (हेड इंजरी)
हाथ पैरों में झनझनाहट
फालिज (लकवा)
नसों का दर्द
सियाटिका (कमर में पैरों का दर्द)
दिमागी में पानी व खून जमना
दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन
Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754


# महाराजा अग्रसेन की भव्य मूर्ति का हुआ अनावरण

## आवास विकास स्थित 1008 महाराजा अग्रसेन पार्क में विधायक संजीव अग्रवाल और डॉ. अशोक अग्रवाल ने किया अनावरण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



शाहजहांपुर महाराजा अग्रसेन मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व आयोजक। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** आवास विकास कॉलोनी स्थित श्री 1008 महाराजा अग्रसेन पार्क में स्थापित महाराजा अग्रसेन की भव्य एवं दिव्य मूर्ति का अनावरण बरेली कैंट विधायक संजीव अग्रवाल तथा वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल के अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल की ओर से किया गया। यह मूर्ति 3 अक्टूबर 2025 को पार्क में स्थापित कराई गई थी।

मूर्ति की भव्यता तथा उस पर लगे सोने के समान चमकते छत्र का अवलोकन करने के बाद विधायक संजीव अग्रवाल ने उपस्थित अग्रवाल समाज तथा आवास विकास कॉलोनी के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अग्रवाल समाज भगवान श्रीराम के ज्येष्ठ पुत्र कुश की 34वीं पीढ़ी से संबंधित है, जिनकी कुलदेवी मां लक्ष्मी हैं। उन्होंने महाराजा अग्रसेन के समाजवाद पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनके शासनकाल में बाहर से आने वाले व्यक्ति को बसाने के लिए प्रत्येक नागरिक एक रुपया और एक ईंट देकर सहयोग करता था, जिससे उसके रहने और व्यापार की व्यवस्था हो सके। डॉ. अशोक अग्रवाल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन की प्रेरणा से ही वह चिकित्सा क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल में बड़ी संख्या में लोग उपचार के लिए आते हैं और प्रयास रहता है कि कम खर्च में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। अभिषेक सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं पार्क संरक्षक अशोक अग्रवाल विद्या ने बताया कि 17 सितंबर 2024 को प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना की ओर से पार्क के सौंदर्यीकरण का शिलान्यास किया गया था। उस समय पार्क की स्थिति खराब थी, जमीन नीची होने से पानी भरता था, बाउंड्री वॉल क्षतिग्रस्त थी तथा प्रकाश और पौधरोपण की व्यवस्था नहीं थी। पार्क रखरखाव समिति और अग्रसेन सेवा ट्रस्ट शाहजहांपुर के सहयोग से पार्क का विकास कर इसे ओपन जिम, हरियाली और मॉर्निंग वॉक के लिए उपयुक्त बनाया गया। क्षेत्रीय पार्षद सिद्धार्थ शुक्ला का भी इसमें महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का स्वागत अशोक अग्रवाल विद्या, रामचंद्र सिंगल, सुरेश सिंघल, गोपाल राम गर्ग, विनोद बंसल, विनोद अग्रवाल, कुंज बिहारी अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, संजीव अग्रवाल और राजेश गिरी ने किया। अग्रवाल सभा तिलक के अध्यक्ष अशोक कुमार अग्रवाल, डॉ आलोक अग्रवाल, विजय अग्रवाल और सर्वेश अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारियों ने पटका पहनाकर स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि डॉ अशोक अग्रवाल का स्वागत डॉ अनूप अग्रवाल, डॉ आनंद अग्रवाल, डॉ सुबोध अग्रवाल, डॉ सुनील अग्रवाल, डॉ आलोक अग्रवाल और डॉ पवन अग्रवाल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। कार्यक्रम के दौरान गुलशन मिश्रा एवं ब्रदर पार्टी की ओर से संगीत संध्या और भजन प्रस्तुत किए गए। महाराजा अग्रसेन के समाजवाद पर आधारित भजन तथा होली गीतों पर लोगों ने उत्साहपूर्वक आनंद लिया और पुष्प वर्षा कर पुष्पों की होली खेली। कार्यक्रम में आए लोगों के लिए ठंडाई, गुजिया और भोजन की व्यवस्था की गई थी।

- भजन संध्या और पुष्प होली के साथ मनाया गया उत्सव

कार्यक्रम को सफल बनाने में अग्रसेन सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, सचिव सुधीर अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद अग्रवाल एवं संजीव बंसल, कोषाध्यक्ष गोपाल राम अग्रवाल, संयुक्त सचिव अशोक अग्रवाल तिलहर, विनायक अग्रवाल पुवायां, ट्रस्टी सुनील अग्रवाल, राकेश गुप्ता, कमल अग्रवाल तथा पार्क रखरखाव समिति के सदस्य राजेश गिरी, अर्पित गोस्वामी, गौरव पांडे, चंद्रपाल, संजय श्रीवास्तव, श्रावण, ओमपाल गंगवार, नवीन सक्सेना, राजीव अग्रवाल और अनुराग अग्रवाल सहित महिला मंडल की संजीत अग्रवाल, रुचि अग्रवाल और मधु गिरी का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में लगभग 400 लोगों ने प्रतिभाग कर आयोजन को सफल बनाया।

# जिले में दो दिन हो रहा होलिका दहन

संवाददाता, शाहजहांपुर

- कई स्थानों पर सोमवार रात जलाई गई होलिका
- कुछ क्षेत्रों में मंगलवार रात होगा होलिका दहन
- मुहूर्त और परंपरा के अनुसार किया जा रहा दहन



होलिका दहन के लिए एकत्र लकड़ियां।

**अमृत विचारः** जिले में इस वर्ष होलिका दहन को लेकर अलग-अलग स्थानों पर भिन्न परंपराएं देखने को मिल रही हैं। कुछ स्थानों पर सोमवार रात होलिका दहन कर दिया गया, जबकि जिले के कुछ क्षेत्रों में मंगलवार रात को होलिका दहन किया जाएगा।

ज्योतिषाचार्य पंडित कान्हा कृष्ण शुक्ल ने बताया कि कई बार स्थानीय परंपराओं और सुविधा के कारण निर्धारित मुहूर्त के अनुसार सभी स्थानों पर एक ही समय होलिका दहन संभव नहीं हो पाता। इसी कारण जिले में अलग-अलग स्थानों पर अलग होलिका दहन होता है। उन्होंने बताया कि कुछ मोहल्लों और गांवों में लोगों ने सोमवार रात होलिका दहन कर लिया, जबकि अन्य स्थानों पर मंगलवार रात को होलिका पूजन और दहन किया जाएगा। होलिका दहन के साथ ही बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक पर्व मनाया जाएगा और इसके अगले दिन 4 मार्च को जिले भर में रंग गुलाल के साथ होली खेली जाएगी। बाजारों में त्योहार को लेकर उत्साह दिखाई दे रहा है और लोग होली की तैयारियों में जुटे हैं। पंडित शुक्ल ने बताया कि सोमवार रात 11:58 से डेढ़ बजे तक होलिका दहन का मुहूर्त रहा। जबकि मंगलवार रात 12 बजे से सुबह चार बजे तक मुहूर्त है। जिले से भी होलिका दहन के लिए स्थानीय लोगों ने मिलीजुली प्रतिक्रिया दी। कुछ ने सोमवार रात तो कुछ ने मंगलवार रात होलिका दहन किए जाने की जानकारी दी।

# महिला के कुंडल लूटने के दो आरोपी गए जेल

**पीलीभीत, अमृत विचार :** न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम गौहर के निवासी केशव पुत्र दीनदयाल ने तीन फरवरी को सूचना देकर बताया था कि उसकी रिश्तेदार कस्बा न्यूरिया के बाजार से लौट रही थी। इस बीच अज्ञात व्यक्ति ने कान के कुंडल लूट लिए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर सुरागरसी की। इस दौरान टीम ने ग्राम भिंडारा निवासी हरीश राठौर और उत्तराखंड के मझोला गांव निवासी मनप्रीत सिंह को पकड़ा7 उनके पास से लूटे गए कुडल बरामद किए गए। आरोपियों ने लूट की घटना को स्वीकार किया ।एसओ सुभाष मावी ने बताया कि दोनों आरोपियों को चालान कर कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है।

# विवाहिता की मौत, पति समेत छह पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, बिलसंडा

- आए दिन दहेज के लिए उत्पीड़न करते थे ससुराली
- मायके वालों ने जहर देकर जान से मारने का लगाया आरोप

**अमृत विचार :** विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में दहेज हत्या का आरोप लगा है। पुलिस ने पति समेत छह आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है।



माधुरी।

बीसलपुर थाना क्षेत्र के गांव गुलैंदा गोटिया निवासी जयराखन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बेटी का विवाह एक वर्ष पूर्व भैनपुरा गांव के हिमांशु से हुआ था। मगर पति हिमांशु, उसका भाई अभिषेक, ससुर राजेंद्र, सास रूपवती, ननद अनुराधा व कंचन दान दहेज से संतुष्ट नहीं हुए। आए दिन दहेज के लिए शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करते थे। गाली गलौज और मारपीट करते थे। 1 मार्च को शाम करीब 8 बजे सभी ने योजना बनाकर उसकी बेटी के खाने में जहर देकर मार दिया। सूचना मिलने वह उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीसलपुर ले गए। यहां पर डॉक्टर ने बेटी को मृत घोषित कर दिया। एसओ सिद्धांत शर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है। शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

# 11 लोगों के खिलाफ हत्या की एफआईआर

**दियोरियाकलां, अमृत विचारः** ग्राम किशनपुर में जमीन के विवाद में हमला कर युवक की हत्या के मामले में कार्रवाई की गई। मृतक के पिता की ओर से पुलिस ने 11 नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। दियोरियाकलां कोतवाली में दी गई तहरीर में ग्राम किशनपुर के रहने वाले बनवारीलाल पुत्र कल्यानराय ने बताया कि गांव के ही कुछ लोगों से उनकी रंजिश है। एक मार्च को उनका पुत्र हरिओम, दामाद जसवीर, अमन बाजार जा रहे थे। इस दौरान आरोपियों ने लाठी डंडे, कुल्हाड़ी, बांका से हमला कर दिया। चीख पुकार सुनकर हरिओम की पत्नी सोनी देवी समेत अन्य परिवार वाले बचाने पहुंचे तो उन पर भी हमला किया। घायलों को अस्पताल ले गए। वहां हरिओम को मृत घोषित कर दिया गया।

# कथा में माता सीता की विदाई का प्रसंग सुन भावुक हुए श्रद्धालु


संवाददाता, शाहजहांपुर



कथा सुनते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

- भजन और कथा वाचन से भक्ति भाव में डूबा पूरा कथा पंडाल

**अमृत विचारः** मुमुक्षु आश्रम में आयोजित श्रीराम कथा के समापन दिवस पर कथाव्यास विजय कौशल महाराज ने प्रभु श्रीराम विवाह और माता सीता की विदाई का मार्मिक प्रसंग सुनाया, जिसे सुनकर कथा पंडाल में मौजूद श्रद्धालु भावुक हो उठे और अनेक भक्तों की आंखें नम हो गईं।



विजय कौशल।

कथाव्यास ने बताया कि भगवान श्रीराम द्वारा शिवधनुष भंग करने के बाद स्वयंवर में उपस्थित राजा महाराजाओं में हलचल मच गई। धनुष भंग का समाचार पाकर परशुराम क्रोधित होकर सभा में पहुंचे। माता सीता ने उन्हें प्रणाम किया तथा जनक ने स्वयंवर का प्रसंग बताया। विश्वामित्र के कहने पर राम और लक्ष्मण ने परशुराम को प्रणाम किया, लेकिन परशुराम का क्रोध शांत नहीं हुआ। लक्ष्मण के कटाक्ष से स्थिति और गंभीर हो गई, जिसके बाद भगवान राम ने विनम्रता से बीच बचाव कर परशुराम का क्रोध शांत कराया। भगवान राम के दिव्य स्वरूप को पहचानकर परशुराम ने उन्हें प्रणाम किया और तपस्या के लिए प्रस्थान किया। कथा के दौरान राम बारात, जनकपुरी की शोभा और विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया। मिथिला की नारियों द्वारा गाए गए गीत "आज मिथिला नगरिया निहाल सखिया, चारों दूलहा में बड़का कमाल सखिया" की प्रस्तुति से पूरा पंडाल भक्तिरस में डूब गया। राम सीता विवाह के बाद कोहवर और जेवनार की परंपराओं का वर्णन किया गया। माता सीता की विदाई का प्रसंग सुनाते समय वातावरण अत्यंत भावुक हो गया।

मंच पर मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती, महामंडलेश्वर हरिहरानंद सरस्वती, स्वामी अभेदानंद सरस्वती, स्वामी विवेकानंद सरस्वती, स्वामी सर्वेश्वरानंद सरस्वती, स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती तथा स्वामी गंगेश्वरानंद सरस्वती उपस्थित रहे। कथा प्रारंभ होने से पूर्व व्यासपीठ का पूजन मुख्य यजमान चंद्रभान त्रिपाठी और सुनीता त्रिपाठी ने किया। आरती संजय कुमार पांडेय, नृपेंद्र सिंह, अर्चना सिंह, राम मोहन अग्रवाल, सुषमा अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, मिली अग्रवाल तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक रवि प्रकाश की ओर से की गई। प्रसाद वितरण सुरेश सिंघल की ओर से किया गया।

कथा के समापन पर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने कहा कि वर्ष 1964 में संत शुकदेवानंद सरस्वती की ओर से रोपा गया छोटा बीज आज विशाल फलदार वृक्ष बन चुका है। उन्होंने कहा कि श्रीराम कथा भारतीय संस्कृति की आत्मा है और इस पावन भूमि पर इसका आयोजन निरंतर होता रहेगा। कार्यक्रम में प्रबंध समिति के सचिव प्रोफेसर अवनीश मिश्र, प्राचार्य प्रोफेसर आर के आजाद सहित मुमुक्षु शिक्षा संकुल के शिक्षक, कर्मचारी और हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005





बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
- 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
- बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
- आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
- कैशलेस ईलाज

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो.9457833777


# बहन को लेने पहुंचे युवक को पीटकर किया घायल

**परौर, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र में बहन को ससुराल से लेने पहुंचे युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। जलालाबाद क्षेत्र के ग्राम मगटोरा निवासी सब्बन ने परौर पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसने अपनी बहन इदरिशा की शादी करीब तीन वर्ष पूर्व ग्राम बम्होरा निवासी नन्हे खान के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से की थी। आरोप है कि नन्हे खान उसकी बहन के साथ अक्सर मारपीट करता था, जिसकी जानकारी वह मायके वालों को देती रही। सोमवार को सब्बन अपनी बहन को लेने ससुराल पहुंचा, जहां नन्हे, भूरे, साबिर और भूरे जीनत ने मिलकर लाठी डंडों तथा लात घूसों से उसकी पिटाई कर दी। साथ ही गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। मारपीट में घायल युवक को पुलिस ने उपचार और डॉक्टरी परीक्षण के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कलान भेज दिया है।

# हिम्मत सिंह ने प्रदेश स्तर पर बढ़ाया जिले का मान

- कुरोडा आलू में उत्तर प्रदेश स्तर पर प्रथम तथा सेंटाना-2 में तृतीय पुरस्कार मिला

संवाददाता, पुवायां



फसल के साथ प्रगतिशील किसान हिम्मत सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** क्षेत्र के गदाई सांडा गांव निवासी प्रगतिशील किसान हिम्मत सिंह ने अपनी उन्नत खेती के दम पर जिला का नाम प्रदेश स्तर पर रोशन किया है। प्रादेशिक शाक भाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी 2025-26 में उन्हें कुरोडा आलू में उत्तर प्रदेश स्तर पर प्रथम तथा सेंटाना-2 आलू में तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों के किसानों ने भाग लिया था। हिम्मत सिंह उन्नत किस्म के आलू की खेती के लिए जाने जाते हैं। उनकी फसल की गुणवत्ता देखने के लिए जर्मनी, दुबई और कुवैत से व्यापारी और विशेषज्ञ भी पहुंच चुके हैं। उन्होंने बताया कि पहले आलू का निर्यात होता था, लेकिन निर्यात बंद होने से किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

हिम्मत सिंह चिप्सोना-1, चिप्सोना-3, कुरोडा, 7008, सेंटाना, सूर्या, कोलंबा, कुफरी मोहन और फ्राइसोना प्रजाति के आलू की खेती कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने हल्दी की खेती भी शुरू की है और करीब एक हेक्टेयर क्षेत्र में हल्दी उत्पादन कर रहे हैं। हल्दी की प्रगति, पंजाब-2, एचएफ-9 और पंतनगर प्रजातियां उगाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि हल्दी की खेती से अच्छा लाभ मिल रहा है और वह अन्य किसानों को भी उन्नत खेती के लिए जागरूक कर रहे हैं। इसके अलावा वह मक्का की खेती भी कर रहे हैं। आधुनिक तकनीक और मेहनत के बल पर हिम्मत सिंह क्षेत्र के किसानों के लिए प्रेरणा बने हुए हैं।



**इफ्तार** 3 मार्च
सुन्नी : 06.19
शिया : 06.28

**सहरी** 4 मार्च
सुन्नी : 05.12
शिया : 05.06

नोट : क्षेत्रानुसार सहरी और इफ्तार के समय में परिवर्तन हो सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### मोबाइल छीनकर भागने का आरोपी गिरफ्तार

**बदायूं, अमृत विचार :** सिविल लाइन पुलिस ने महिला से मोबाइल झपटने के वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। 10 जनवरी को सिविल लाइन क्षेत्र में रेलवे क्रॉसिंग के पास हाथ में मोबाइल पकड़कर जा रही थी। इसी दौरान एक युवक पीछे से आया और महिला का मोबाइल फोन छीनकर भाग गया था। महिला की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने आरोपी के बारे में जानकारी की। पता चला कि युवक थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव सदाठेर निवासी नन्हू पुत्र नरेश है। निरीक्षक अपराध उमेश कुमार ने आरोपी को पकड़ा।

### टोना टोटका के शक में दंपती पर हमला करके किया घायल

**विजय नगला, अमृत विचार :** टोटका का आरोप लगाते हुए कुछ लोगों ने दंपती को पीटकर घायल कर दिया। शोर सुनकर मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव नवलपुर निवासी छोटेलाल पुत्र लक्ष्मण ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि 16 फरवरी को उनकी नातिन का जन्मदिन था। कार्यक्रम किया गया था। जिसमें परिवार के लोग और रिश्तेदार आए थे। रात लगभग 10 बजे किसी की जेब से 30 हजार रुपये गिर गए। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले रामदास ने छोटेलाल से गाली-गलौज शुरू कर दी। कहा कि उन्होंने उनकी घर के सामने रुपये डालकर टोना टोटका किया है। छोटे लाल ने गाली देने का विरोध किया तो रामदास के परिवार के सचिन, विकास, गंगा राम लाठी-डंडे लेकर आए और मारपीट करने लगे। बचाने के आईं छोटे लाल की पत्नी भगवान देवी पर भी हमला करके घायल कर दिया।

# जमकर हुई होली की खरीदारी, भीड़ से बाजार में जाम

## शहर में जाम की स्थिति बनने से निकलना हुआ मुश्किल, फेल होते हुए दिखे पुलिस के इंतजाम, देर रात तक हुई दुकानों पर बिक्री

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** रंगों के त्योहार पर एक और लोग घरों का जरूरी सामान खरीद रहे हैं वहीं अबीर गुलाल और पिचकारी के साथ जमकर रंगों की खरीदारी कर रहे हैं। जिससे बाजारों में भारी भीड़ के चलते लोगों को पैदल चलना भी दूभर हो गया है। शहर में इन दिनों जमकर खरीदारी हो रही है। सुबह आठ से शाम दस बजे तक दुकानों पर ग्राहकों की लाइन देखने को मिल रही है।

गांव देहात से लेकर कस्बे और शहर के बाजारों में होली के त्योहार की धूम देखने को मिल रही है। हर जगह भारी भीड़ जुट रही है। दुकानदारों को मनमाने रेट पर सामान बेचने का मौका मिल रहा है। लेकिन कहीं पर भी कोई दुकानदार खाली नहीं है। कई दिनो से शहर का बाजार खरीदारों से गुलजार है। देर रात तक खरीदारी की जा रही है।

सोमवार को शहर के बड़े बाजार में बड़ी दुकानों पर घरों का जरूरी सामान खरीदने वालों की भीड़ लगी रही। सामान खरीदने पहुंचे ग्राहकों को काफी देर तक अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। भीड़ का आलम यह रहा कि सामान खरीदने के बाद ऑटो और ई रिक्शा भी लोगों को नहीं मिल पा रहे थे। परशुराम चौक पर रंगों की दुकानों पर रंग बिरंगी पिचकारी खरीदने को बच्चे और बड़े लाइन में लगे रहे। रंगों की दुकानों पर अबीर गुलाल और डिब्बा नुमा पिचकारी की जमकर बिक्री हुई। दुकानदारों ने बताया कि आज और कल दो दिन ही बिक्री होगी उसके बाद जो सामान बचेगा वह घर में रख लिया जाएगा। होली के दिन बहुत कम मात्रा में लोग बाजार में दिखाई देंगे। इसलिए आज सुबह से ही बाजार गुलजार रहे।

होली पर गुजिया और नमकीन की बिक्री होती है। लोगों ने नामचीन दुकानों से मनपसंद नमकीन खरीदी। नमकीन महंगी होने के बाद भी बिक्री जमकर हुई। जिससे दुकानदारों के चेहरे खिले रहे। दुकानों पर तरह तरह की नमकीन देखने को मिल रही है। लोग दूर से ही नमकीन देख कर भाव पूछ रहे हैं। सुभाष चौक और खैराती चौक पर नमकीन की कुछ दुकान थोक की हैं जिन पर बड़े पैमाने पर नमकीन की बिक्री हुई।



दुकान पर सामान खरीदने वालों की लगी भीड़। ● अमृत विचार



रंग और पिचकारी खरीदते लोग।



होली के त्योहार को नमकीन खरीदते लोग। ● अमृत विचार

### बड़े रेट पर बिका गन्ना और जौ

होली पर गन्ने का महत्व भी अधिक रहता है इसलिए आज जगज जगह गन्ने की बिक्री हुई। एक छोटा गन्ना दस रूपए का और बड़ा गन्ना बीस का बिका। गन्ना बेचने वालों ने बताया कि वह लोग गांवों से ऊंचे दामों पर गन्ना खरीद कर लाए हैं लेकिन महंगे गन्ना होने के कारण बिक्री कम हो रही है। लोग आज से ही गन्ना खरीद कर घर ले गए। होली पूजन में गन्ना विशेष महत्व रखता है इसलिए चौराहे चौराहे पर गन्ने की बिक्री हुई। इसके साथ ही जौ की बिक्री भी बड़े पैमाने पर हुई। खेतों से आने वाले जौ की वाली दस रूपए की एक गड्डी बिकी। लोगों ने जमकर जौ की खरीदारी की।

### पचास रुपए किलो बिकी आम की सूखी लकड़ी

बाजारों में हवन के लिए लकड़ी और सामग्री की बिक्री चार दिन से हो रही है। होली के दिन हर घर में हवन होता है इसलिए लोग आम की लकड़ी आर हवन सामग्री खरीदते हैं। आम की लकड़ी 40 से 50 रूपए किलो तक बिकी। सूखी लकड़ी के दाम पिछले साल से अधिक रहे इसलिए कम मात्रा में लकड़ी बिकी। दुकानदारों का कहना था कि पचास रूपए किलो की लकड़ी सूखी है इसलिए महेगी है। हवन सामग्री और लकड़ी मंगलवार को नहीं खरीदी जाएगी इसलिए आज हवन सामग्री और लकड़ी की बिक्री हुई।

# घर के बाहर से टेंपो चोरी, पुलिस ने नहीं लिखी रिपोर्ट

**बदायूं, अमृत विचार :** आठ दिन टेंपो चोरी की रिपोर्ट आज तक दर्ज नहीं की गई है और न ही टेंपो की तलाश की गई है। टेंपो मालिक लगातार थाने के चक्कर लगा रहा है। पुलिस जल्द ही खुलासा की बात कह रही है। अब तक लगभग दो दर्जन से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की है।

मुजरिया थाना क्षेत्र के गांव कोल्हाई निवासी शिव सिंह पुत्र रामसिंह ने बताया कि वह ऑटो चलाकर जीवन यापन करते थे। उनका टेंपो नंबर यूपी 24 एटी 6711 घर के बाहर सड़क किनारे 22 फरवरी को खड़ा था। रात में किसी ने टेंपो चोरी कर लिया। सुबह उठे तो टेंपो गायब मिला। उन्होंने बताया कि कई दिन होने के बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की और न ही टेंपो का पता लगाया है। आरोप है कि थाने जाने पर पुलिस फटकार कर भगा देती है। प्रभारी निरीक्षक ज्योति सिंह ने बताया कि टेंपो की तलाश की जा रही है। उपनिरीक्षक अनिल कुमार सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की है। जल्द ही टेंपो का पता लगा लिया जाएगा।

# जान से मारने की नीयत से प्राइवेट पार्ट में घुसाया सरिया

संवाददाता, विजय नगला

- मूसाझाग थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला की तहरीर पर दर्ज हुआ मामला

**अमृत विचार :** अतिरिक्त दहेज के लिए ससुरालीजनों ने महिला को परेशान किया। आरोप है कि महिला के प्राइवेट पार्ट में सरिया घुसा दिया। पीड़िता की तहरीर पर सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

मूसाझाग थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला की शादी उझानी क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक के साथ 5 मई 2007 को हुई थी। उसके भाइयों ने शादी में लगभग नौ लाख रुपये खर्च किए थे। पीड़िता के अनुसार शादी के कुछ समय तक तो परिवार में सब कुछ ठीक चलता रहा। बाद में ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए प्रताड़ित करने लगे। महिला की चार बेटियां हैं। जिसको लेकर उसकी सास अक्सर गाली-गलौज करती रहती है। महिला ने अपने भाइयों को बताया। भाइयों ने परेशान न होने और कोई समाधान निकलने की बात कही। घर पर ही रहो। आरोप है कि 27 फरवरी 2026 की दोपहर लगभग चार बजे पति रंजीत सिंह, ससुर मुरली, सास नन्हीं देवी, देवरानी किरन, छाया ने महिला के बाल पकड़कर पीटा। जान से मारने की नीयत से पति ने महिला के प्राइवेट पार्ट में सरिया घुसा दिया। महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। शोर सुनकर मोहल्ले के लोग पहुंच गए। और महिला को बचाया। महिला मायके पहुंचे और परिजनों को घटना के बारे में बताकर थाने जाकर तहरीर दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# हलाला का दबाव बनाकर महिला से दुष्कर्म का प्रयास

**बदायूं, अमृत विचार :** उघैती थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने तहरीर देकर बताया कि उसका निकाह साल 2015 में हुआ था। साल 2024 में उसकी पति की मौत हो गई थी। आरोप है कि पति की मौत के बाद से जेठ, देवर और परिवार के लोग उसे परेशान करने लगे। तरह-तरह से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। दूसरा निकाह करने का दबाव बनाने लगे। इससे पहले हलाला कराना होगा। वह हलाला कराने का दबाव बनाने लगे। 28 फरवरी को देवर महिला के कमरे में घुस आया और अश्लीलता करने लगा। महिला के विरोध करने पर दुष्कर्म करने का प्रयास किया। महिला के चिल्लाने पर उसके बच्चे जाग गए। सास-ससुर से शिकायत की तो उन्होंने कहा कि थाने मत जाना वह सब ठीक कर देंगे। महिला की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

# शेखूपुर चीनी मिल दूसरे दिन भी बंद, किसान परेशान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** तकनीकी खराबी के चलते शेखूपुर सहकारी चीनी मिल दूसरे दिन भी बंद रही जिससे मिल परिसर में खड़े गन्ना लदे वाहन स्वामी परेशान रहे। मिल प्रबंधन का कहना है कि मरम्मत जारी है जल्द ही मिल में पेराई शुरू कर दी जाएगी।

शेखूपुर चीनी मिल पर क्षेत्र के किसान गन्ना पहुंचा रहें हैं। अन्य चीनी मिलें बंद हो चुकी हैं इसलिए अधिकांश गन्ना किसान शेखूपुर चीनी मिल की ओर ही दौड़ रहे हैं। मिल परिसर में सैकड़ों गन्ना लदे वाहन खड़े हैं। इसी बीच रविवार की सुबह अचानक मिल गेट पर गन्ने की तौल बंद कर दी गयी। किसानों ने तौल कराने का दबाव बनाया तो बताया गया कि मिल में तकनीकी खराबी है इसलिए मिल बंद है। मिल बंद हो जाने की भनक लगते हैं गन्ना किसानों ने हंगामा शुरू कर दिया। दिन भर किसान परेशान रहे। मिल कर्मियों ने बताया कि मिल की मरम्मत को बाहर से इंजीनियर बुलाए गए हैं। मरम्मत का काम चल रहा है। गन्ना किसानों को बताया गया कि जल्द ही मरम्मत का काम पूरा कर लिया जाएगा उसके बाद गन्ने की तौल शुरू कर दी जाएगी।

चीनी मिल की महाप्रबंधक मणि अरोड़ा ने बताया कि आज दूसरे दिन भी मिल में मरम्मत कार्य किया जा रहा है। कुछ मशीनों में दिक्कत है इसलिए गन्ने की पेराई बंद है। गन्ना किसानों को बता दिया गया है। मिल परिसर में सौ से अधिक गन्ना वाहन खड़े हैं। कहा कि काम पूरा होते ही गन्ने की तौल शुरू कर दी जाएगी।



शेखूपुर चीनी मिल के बाहर खड़े गन्ना लदे वाहन। ● अमृत विचार

- मिल में तकनीकी खराबी के चलते बंद है गन्ने की पेराई
- मिल परिसर में खड़े हैं गन्ना लदे सैकड़ों वाहन

### दस लाख क्विंटल से अधिक खरीदा गया गन्ना

शेखूपुर चीनी मिल ने अब तक कुल 10 लाख 24 हजार क्विंटल गन्ने की खरीद की है। उनके किसानों का 95 प्रतिशत गन्ना मिल पर पहुंच चुका है। अब मात्र 5 प्रतिशत गन्ना क्षेत्र में शेष है। चीनी मिल का 12 लाख क्विंटल गन्ना खरीद का लक्ष्य है जो पूरा होता नहीं दिख रहा है। मिल प्रबंधन के अनुसार करीब एक सप्ताह तक चीनी मिल चलेगी। मिल परिसर में जो गन्ना है उसकी पेराई चार दिन तक होगी उसके बाद अगला गन्ना मिल गेट पर डाला जाएगा।

### गन्ना किसानों को किया आठ करोड़ 89 लाख का भुगतान

शेखूपुर चीनी मिल को शासन से आठ करोड़ 89 लाख रुपया मिला है जो गन्ना किसानों के खातों में पहुंचा दिया गया है। मिल प्रबंधन ने 8 जनवरी से 27 जनवरी तक का पूरा भुगतान कर दिया है। इसलिए मिल के ऊपर अब अधिक बकाया नहीं है। मिल का गन्ना पेराई सत्र का समापन होने के कुछ ही दिनों में गन्ना किसानों को पूरा भुगतान कर दिया जाएगा। शासन से पैसा मिलते ही किसानों को दिया जा रहा है।

# होली को लेकर सर्जिकल वार्ड तैयार, तुरंत मिलेगा इलाज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** होली पर आकस्मिक घटनाओं में घायल होने वाले लोगों को जिला अस्पताल और राजकीय मेडिकल कॉलेज में व्यवस्था चाक चौबंद की गई हैं। इसके साथ ही जिला महिला अस्पताल में भी महिला डॉक्टरों की ड्यूटी आपातकालीन सेवाओं को लगाई गई है। जिला अस्पताल में सर्जिकल वार्ड तैयार किया गया है। अस्पताल आते ही मरीज को तुरंत उपचार किया जाएगा। वार्ड के साथ ही तीन डॉक्टरों को ऑन कॉल रखा गया है जबकि तीन चिकित्सक आपात कालीन सेवा के लिए तैनात किए गए हैं।

होली के त्योहार पर अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं जिनमें लोग घायल होते हैं। लड़ाई झगड़े में घायल होने वालों को जिला अस्पताल प्रशासन ने सर्जिकल वार्ड तैयार किया है। इस वार्ड में 15 बेड तैयार किए हैं। सभी बेडों पर नई चादर और नई डस्टबिन रखी गयी हैं। डाक्टर राजेश वर्मा, डा. वागीश, और डा. एसएम कमल को ऑन कॉल के लिए रखा गया है जबकि आई सर्जन डा. वसीम, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. रियाज हुसैन, और डा. नितिन को आपात कालीन सेवा के लिए तैनात किया है। उक्त तीनों डॉक्टर मंगलवार सुबह आठ बजे से अपनी आपात कालीन सेवाएं देंगे।

इसके साथ ही करीब आधा दर्जन स्टाफ नर्स छह वार्ड ब्याय को लगाया गया है। उक्त सभी डाक्टर जिला अस्पताल का राउंड करेंगे। घटनाओं में घायल होने वाले मरीजों का इलाज करेंगे। इसके साथ ही अन्य वार्ड में भर्ती मरीजों की देखरेख के लिए भी उक्त चिकित्सकों को जिम्मेदारी दी गयी है। जिला अस्पताल प्रशासन ने होली के त्यौहार को दो ऍबुलेंस तैयार की हैं जिन्हे जरूरत पड़ने पर प्रयोग में लाया जाएगा।



जिला अस्पताल में सर्जिकल वार्ड में तैयार ● अमृत विचार

- जिला अस्पताल में व्यवस्था दुरुस्त, तीन डॉक्टरों की टीम रहेगी तैनात, तीन रिजर्व

### जिला महिला अस्पताल में भी किया स्टाफ तैनात

जिला महिला अस्पताल में भी दो महिला डॉक्टरों को तीन और चार मार्च को आपात कालीन सेवा के लिए तैनात किया गया है। जबकि आठ स्टाफ नर्स और दस वार्ड ब्याय को दोनों दिन के लिए ड्यूटी पर लगाया गया है। जिला महिला अस्पताल में दूर दराज से आने वाली गर्भवती महिलाओं को किसी तरह की दिक्कत न हो इसके लिए सीएमएस स्वयं राउंड करेंगी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चार सुरक्षा गार्डों को मुख्य गेट से लेकर अस्पताल के अंदर तक की सुरक्षा दी गयी है। आपात स्थिति में कोतवाली पुलिस की मदद लेने को निर्देशित किया गया है।

### राजकीय मेडिकल कॉलेज में दो वार्ड तैयार

राजकीय मेडिकल कालेज में होली के त्यौहार को लेकर आई चिकित्सकों को आपातकालीन सेवाओं के लिए रखा गया है। करीब दर्जन भर स्टाफ नर्स और 14 वार्ड ब्याय तीन मार्च से पांच मार्च तक हर समय मौजूद रहेंगे। राजकीय मेडिकल कालेज में दो वार्ड तैयार किए गए हैं जिसमें दस दस वेड लगाए गए हैं। दोनों वार्डो में केवल दुर्घटनओं में जख्मी होने वाले ही भर्ती किए जाएंगे। प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार ने बताया कि आपात कालीन सेवाएं सोमवार की रात से ही शुरू कर दी गयी हैं। डॉक्टरों को मुस्तैद रहने को कहा गया है।

# बाइक की टक्कर से महिला की मौत

संवाददाता, विजय नगला

**अमृत विचार :** एक बाइक सवार ने दूसरे बाइक सवार दंपती को टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने इलाज के लिए घटपुरी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां चिकित्सक ने महिला की मौत की पुष्टि कर दी। मौत के बाद परिजनों में चीत्कार मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव खेड़ा पुरोहित निवासी उदयवीर सिंह अपनी पत्नी गुड्डी (50) के साथ बाइक से अपनी ससुराल बिनावर क्षेत्र के गांव फतेहपुर जा रहे थे। जहां गुड्डी की मां की होली थी। लगभग चार बजे वह मौसमपुर मार्ग स्थित गांव नदौलिया के पास पहुंचे। पीछे से तेज रफ्तार से आई अपाचे सवार युवक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। बाइक पर बैठीं गुड्डी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। अपाचे सवार बाइक छोड़कर भाग गया। महिला को सीएचसी ले जाया गया। जहां गुड्डी का मायका पक्ष चीत्कार करते हुए पहुंच गया। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। टक्कर मारने वाले वाहन के चालक की तलाश की जा रही है। थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में महिला की मौत हुई थी। बाइक चालक की तलाश की जा रही है।



हादसे के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मौजूद पुलिस। ● अमृत विचार

- थाना बिनावर क्षेत्र में मौसमपुर मार्ग स्थित गांव नदौलिया के पास हुआ हादसा

# खेड़ा जलालपुर पुख्ता में निर्माणाधीन बारात घर का लिंटर भरभराकर गिरा



गांव खेड़ा जलालपुर पुख्ता में गिरा निर्माणाधीन बारात घर का लिंटर। ● अमृत विचार

संवाददाता, उसहैत

**अमृत विचार :** थाना उसहैत क्षेत्र के खेड़ा जलालपुर पुख्ता में विधायक निधि से बारात घर बनवाया जा रहा था। ठेकेदार निर्माण कार्य करा रहा था। आरोप है कि निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया। जिसकी वजह से बारात घर का लिंटर भरभराकर गिर गया।

रविवार की सुबह बारात घर का लिंटर डाला गया था जो शाम को गिर गया। लिंटर डलने के बाद राजमिस्त्री लेवलिंग कर रहा था। इसी दौरान लिंटर गिर गया। मौके अफरा-तफरी मच गई। राजमिस्त्री को मामूली चोट आई। बताया जा रहा है जेई ने गुणवत्ता पर गौर नहीं किया। ठेकेदार सुरेंद्र सिंह ने बताया कि रविवार को बारात घर का लिंटर डाला गया था। इसी दौरान नीचे से एक बल्ली टूट गई थी। जिसके चलते लिंटर गिर गया। बाकी हादसे की जांच कराई जाएगी।

# हाईवे पर भिड़ीं दो बाइकें, दंपती समेत चार घायल

**बिल्सी, अमृत विचार :** कछला-शाहाबाद हाईवे पर गांव परौली के पास सोमवार की दोपहर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में दंपती समेत चार लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने सभी घायलों को बिल्सी के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। गांव जरसैनी निवासी सूरजपाल पुत्र मोहनलाल अपनी पत्नी रेखा देवी और बहन रोशनी के साथ बाइक से बिसौली की ओर जा रहे थे। इसी दौरान हाईवे पर गांव परौली के पास सामने से आ रहे कस्बा मुड़िया धूरेकी निवासी श्रीपाल कश्यप पुत्र प्यारेलाल की बाइक से उनकी बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए।

**राहत** — तीन दिन नहीं मिलेगी कर्मचारियों को छुट्टी, कार्यशाला में रखे पौने छह सौ ट्रांसफार्मर कराए ठीक

# होली पर मिलेगी बिजली की निर्बाध आपूर्ति

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** होली के त्यौहार को बनाए गए शेड्यूल के अनुसार आज शाम से निर्बाध बिजली सप्लाई शुरू कर दी गयी।सभी बिजली घरों को 5 मार्च सुबह तक चौबीस घंटे बिजली देने के निर्देश दिए गए हैं। ट्रांसफार्मर खराब होने पर तत्काल दूसरा ट्रांसफार्मर रखने की हिदायत दी गयी है।

शासन के निर्देश पर उपभोक्ताओं को होली के त्यौहार पर 24 घंटे बिजली देने के निर्देश हैं। उक्त निर्देशों के तहत सोमवार शाम से नए शेड्यूल के अनुसार जिले भर को निर्बाध बिजली सप्लाई शुरू कर दी गयी है। बिजली घरों पर तैनात स्टाफ को निर्देश दिए गए हैं कि कहीं से भी शिकायत मिलने पर तत्काल उसे ठीक किया जाए। यदि कहीं पर ट्रांसफार्मर खराब होता है तो उसे तुरंत बदला जाए। बिजली विभाग की कार्यशाला में 570 ट्रांसफार्मर रखे हैं जो ठीक स्थिति में हैं। इसके साथ ही विभाग ने कंट्रोल रूम भी बना दिया है जिस पर उपभोक्ता शिकायत दर्ज करा रहे हैं। शिकायतों का निस्तारण उसी दिन करने के निर्देश दिए गए हैं। बिजली विभाग ने होली के त्यौहार पर अपने उपभोक्ताओं को चौबीस घंटे बिजली देने के निर्देश दिए हैं जिससे कहीं पर भी किसी को दिक्कत न हो। विभाग ने सभी 60 बिजली घरों पर एसडीओ और अवर अभियंता को निर्देशित किया है कि होली के दिन किसी लाइनमैन या अन्य स्टाफ को छुट्टी न दी जाए।

शिकायतों के निस्तारण को हाइडिल स्थित कंट्रोल रूम के निकट एक डेस्क तैयार की गयी है जिस पर ग्रामीण उपभोक्ता किसी भी समय शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शहरी उपभोक्ताओं को पनबड़िया और कोतवाली बिजली घरों पर शिकायत सुनने को एक एसडीओ को बिठाया गया है।अन्य बिजली घरों पर भी शिकायतों के निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश दिए गए हैं।

सलारपुर बिजली घर सोमवार को अधीक्षण अभियंता ने स्वयं जांच पड़ताल की। स्टाफ के बारे में जानकारी की, बिजली शेड्यूल के बारे में कहा कि 5 मार्च सुबह तक कोई कर्मचारी अवकाश पर नहीं जाएगा। क्षेत्र की बिजली आपूर्ति नए शेड्यूल से दी जाए।

लाइन पर काम करने वाले कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कहीं पर भी फाल्ट नहीं होना चाहिए। बिनावर बिजली घर से जुड़े 104 गांवों को नियमित और निर्बाध बिजली देने को व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के निर्देश दिए।



### ट्यूबवैलों की सप्लाई रहेगी पूर्ववत

निजी ट्यूबवैलों को दी जाने वाली बिजली पुराने निर्धारित शेड्यूल से ही दी जाएगी। किसानों को फसलों की सिंचाई करने में किसी तरह की दिक्कत नहीं है इसलिए उस लाइन में किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया है। ट्यूबवैलों को सुबह सात बजे से दस और शाम को पांच से सात बजे तक बिजली दी जाएगी।

अमृत विचार

बरेली, मंगलवार,3 मार्च 2026

बदायूं

न्यूज ब्रीफ

## राजमार्ग पर लेटा रहा शराबी, सूचना पर नहीं पहुंची पुलिस




**संवाददाता, म्याऊं ,अमृत विचार :** कस्बा म्याऊं में सोमवार को साप्ताहिक बाजार थी। मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर रवेन्द्र सिंह फिलिंग स्टेशन के सामने एक शराबी ने ड्रामा किया। घंटों तक राजमार्ग पर लेटा रहा। जिससे यातायात बाधित हुआ। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी लेकिन पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया। समाजसेवी शिवम गुप्ता, राजू श्रीवास्तव, डॉ. सतीश चंद्र के हस्तक्षेप के बाद शराबी को रोड से हटाया गया और यातायात सुचारू किया गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस की लापरवाही पर सवाल उठाए हैं और जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की है। म्याऊं चौकी इंचार्ज अंकुश चौहान ने कहा कि पुलिस चेकिंग कर रही है। होली पर लोग शराब पीकर घूम रहे हैं।

# आधुनिकता में बदला होली का रंग

## होली पर रंगीन हुआ शहर और देहात, चौक चौराहा से लेकर बाजार में बड़ी चहल-पहल

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**




- युवाओं ने की है खास तैयारी, पारंपरिक रंगों के साथ बजेगा डीजे
- थीम पार्टी के साथ मनाया जाएगा होली का त्यौहार

**अमृत विचार:** आधुनिकता की चकाचौंध में होली का भी रंग बदल गया है। पुराने रीति रिवाज भुलाकर लोग अपने तरीके से होली मनाने लगे हैं। होली पर शहर से लेकर देहात क्षेत्र का माहौल पूरी तरह से रंगीन हो चुका है। चौक चौराहों के साथ बाजार में खासी चहल पहल देखने को मिल रही है। युवा वर्ग में खास उत्साह देखा जा रहा है। होली का त्योहार पारंपरिक रंगों के साथ डीजे, थीम पार्टी के साथ सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है।

शहर सहित देहात क्षेत्र में पारंपरिक फाग गीतों की परंपरा विलुप्त सी हो गई है। कभी बसंत पंचमी पर होलिका स्थापना के बाद से ही ढोल-मजीरे की थाप पर फाग गीत गूंजते थे, लेकिन अब होली से कुछ ही दिन पहले भी यह सुनाई नहीं देते। देहात क्षेत्रों में भले ही कुछ होली गीत बज रहे हों, वे साउंड बॉक्स पर सुनाई देते हैं। ढोल, मजीरे और झाल की थाप पर गाए जाने वाले पारंपरिक फाग गीत अब लगभग विलुप्त हो चुके हैं। एक समय था जब फाल्गुन माह आते ही इन गीतों की गूंज से वातावरण जीवंत हो उठता था। लेकिन अब होली पर आधुनिकता का रंग चढ़ गया है। युवा पीढ़ी का आधुनिकता और डिजिटल मनोरंजन के साधनों की ओर बढ़ता झुकाव इस सांस्कृतिक परंपरा के धीरे-धीरे खत्म होने का मुख्य कारण है। इससे गांवों की पारंपरिक और सांस्कृतिक धरोहर भी प्रभावित हो रही है। अब युवा वर्ग थीम पार्टी आयोजित करता है। तय की गई थीम के आधार पर होली मनाते हैं। इस बार भी युवा वर्ग अपनी मित्र मंडली के साथ थीम आधारित होली का त्योहार मनाने की तैयारी की है। युवा लोग अपने मित्रों के साथ थीम पार्टी, कलर बैश और रेन डांस जैसे आयोजन तय किए जा रहे हैं। कई समूह पहले से स्थान बुक कर रहे हैं। साउंड सिस्टम और गीतों की सूची तैयार की जा चुकी है। लोकप्रिय होली गीतों पर समूह नृत्य की तैयारी भी चल रही है। इस पर आने वाले खर्च साझा करने के लिए मोबाइल ग्रुप बनाए गए हैं, जिनमें सदस्य ऑनलाइन योगदान भेज रहे हैं। वहीं रील्स बनाकर सोशल मीडिया पर भेज रहे हैं। होली पर रील्स ट्रेंड कर रही है।

### होली पर हो रही हर्बल और ऑर्गेनिक गुलाल की मांग

बाजार में भी होली की फिजा बदली हुई है। लोग हर्बल और ऑर्गेनिक गुलाल की मांग कर रहे हैं। रंग विक्रेता शैलेंद्र ने बताया कि इस बार होली पर हर्बल और ऑर्गेनिक गुलाल की मांग की जा रही है। फूलों और प्राकृतिक तत्वों से बने रंगों को प्राथमिकता आधार खरीद रहे हैं। ग्राहक त्वचा सुरक्षा और पर्यावरण संतुलन पर ध्यान दे रहे हैं। रंगों की दुकानों पर पैकिंग और गुणवत्ता के बारे में पूछताछ बढ़ी है।

### गायब हो गए टेसू के फूल

कृष्णापुरी निवासी सर्वेश मिश्रा बताते हैं कि पहले फगुआ की धुन से पूरा मोहल्ला झूम उठता था। टेसू के फूलों से तैयार रंग से होली खेली जाती थी। जिसका अपना ही रंग था। लेकिन अब आधुनिकता की चकाचौंध में पुराने रीति रिवाज गायब हो गए हैं। बताया कि युवा पीढ़ी का आधुनिकता और डिजिटल मनोरंजन के साधनों की ओर बढ़ता झुकाव इस सांस्कृतिक परंपरा के धीरे-धीरे खत्म होने का मुख्य कारण है। इससे पारंपरिक और सांस्कृतिक धरोहर भी प्रभावित हो रही है।

## होली पर वृद्धाश्रम में हवन, बुजुर्गों संग मनाया उत्सव

**बिल्सी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम बांस बरौलिया स्थित ऋषि आश्रम शुभ सेवा संस्थान द्वारा संचालित वृद्ध आश्रम में सोमवार को होली के पर्व के उपलक्ष्य में हवन एवं पूजन किया गया। श्रद्धा और आस्था के वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम में बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। पंडित सप्पू महाराज ने पूर्ण विधि-विधान से हवन संपन्न कराया। हवन कुंड में आहुति देते समय उपस्थित लोगों ने विश्व कल्याण, सुख-समृद्धि और आश्रम में रह रहे बुजुर्गों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। पूरे आश्रम परिसर में भक्ति और उल्लास का माहौल रहा। संस्था के अध्यक्ष वेदव्यास शर्मा ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का संदेश देने वाला पर्व है। आश्रम में समय-समय पर धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिससे यहां रह रहे बुजुर्गों को पारिवारिक वातावरण का अनुभव हो सके। इस दौरान शिव गौड़, हरिओम, मुकेश कुमार, दयाराम, गोविंद शर्मा आदि मौजूद रहे।

# मानसिक अक्षम बच्चों के साथ मनाई होली



मानसिक मंदित बच्चों के साथ होली मनाते लोग ● अमृत विचार

**संवाददाता, बिसौली**

**अमृत विचार :** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ़ बिसौली स्टार्स द्वारा मानसिक रूप से अक्षम बच्चों के लिए एक होली मिलन समारोह में विशेष आहार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सोमवार को इस कार्यक्रम के दौरान बच्चों को उनकी सेहत और जरूरत के अनुसार पौष्टिक फल, बिस्कुट और अन्य खाद्य सामग्री भेंट की गई। इस अवसर पर ग्रुप के अध्यक्ष ने कहा, "इन बच्चों को केवल भोजन की ही नहीं, बल्कि हमारे प्यार और सम्मान की भी आवश्यकता है। हमारा उद्देश्य समाज में संवेदनशीलता जगाना और इन बच्चों के उज्ज्वल भविष्य में योगदान देना है। सभी सदस्यों ने बच्चों के साथ समय बिताया और उनकी प्रतिभा की सराहना की। आयोजन के अंत में संस्था ने भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य जारी रखने का संकल्प लिया।

इस मौके पर जायंट्स ग्रुप 16 के यूनिट डायरेक्टर अनुपम वार्ष्णेय,अध्यक्ष सौरभ गुप्ता, सचिव शशांक भिल्ला, प्रवीण अग्रवाल, अमित अग्रवाल, अमित बाबू, निशांत गोयल, संदीप गुप्ता, मुकेश यादव उपस्थित रहे।

# अधिवक्ताओं ने परसिया में पूर्व सैनिकों के साथ खेली होली

**संवाददाता, बिसौली**



होली खेलते पूर्व सैनिक और अधिवक्ता ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** ग्राम परसिया के सैनिक बारात घर सोमवार को परसिया में ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष बिसौली ग्रामीण सुनील सिंह, संजीव मिश्रा एडवोकेट, नीरज वर्मा, पवन चौहान करखेड़ी ने जनता और देश के पूर्व सैनिकों के साथ होली मना कर देश भक्ति और भाईचारे का अनूठा उदाहरण पेश किया है।

सैनिक बारात घर परसिया में अबीर गुलाल और संगीतमय माहौल में नागरिकों ने देश के रक्षकों के साथ जश्न मना कर उनके प्रति सम्मान और प्यार प्रकट किया। इस भावनात्मक मिलन ने स्थानीय समुदाय में गर्व की भावना भर दी। वहीं बिसौली ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह एडवोकेट के साथ नीरज वर्मा ने होली पर देश के सैनिकों अधिवक्ता एवं उद्योगपतियों का माल्यार्पण करते हुए पटका पहनाकर मिठाई खिलाते हुए सम्मानित किया। सुनील सिंह ने कहा कि होली रंगों का त्यौहार है, जो समाज में खुशी एकता प्रेम का संदेश लेकर आता है, अधिवक्ता संजीव मिश्रा ने कहा होली रंगों प्रेम और एकता का एक प्रमुख भारतीय त्योहार है जो फाल्गुन पूर्णिमा को बुराई पर अच्छाई की के रूप में मनाया जाता है। नीरज वर्मा ने कहा कि होली पर हम सभी नफरत को जलाकर प्रेम के रंग में रंग जाएं और एक दूसरे को सभी गले से लगाएं। पवन चौहान ने कहा कि भारतीय सैनिक हमारे राष्ट्र के सच्चे नायक हैं, वे दिन रात हमारी सीमाओं की रक्षा करते हैं। इस मौके पर देश के पूर्व सैनिक सत्यपाल सिंह कठेरिया अरविंद सिंह उर्फ बब्बू फौजी, रजत सिंह, महेंद्र सिंह फौजी, भुवनेश श्रीवास्तव, सैनिक शिवम सिंह, सत्येंद्र मिश्रा एडवोकेट दवतोरी के साथ-साथ उद्योगपति सभी सतेंद्र सिंह, सौरभ सिंह, योगेंद्र सिंह, अक्षय प्रताप सिंह, गौरव प्रताप सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, दीपक मौर्य, किशोर सिंह, टीटू सिंह,आदि मौजूद रहे।

## त्योहारों पर सुरक्षित यात्रा के लिए चलाया अभियान

**संवाददाता, बदायूं, अमृत विचार :** आगामी त्योहार होली और ईद को देखते हुए संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन प्रणव झा के नेतृत्व में बदायूं में विशेष सड़क सुरक्षा और वाहन निरीक्षण अभियान चलाया गया। पटेल चौक, राजकीय मेडिकल कॉलेज चौक, बहेड़ी चौक सहित अन्य प्रमुख चौराहों पर बसों और अन्य वाहनों की जांच की गई। चालकों को वाहन के कागजात, सुरक्षा उपकरण और नियमों के पालन के बारे में जानकारी दी गई। स्कूल बसों के निरीक्षण के दौरान प्रणव झा ने चालकों और स्कूल प्रशासन को निर्देशित किया गया कि सभी नियमों का पालन अनिवार्य रूप से किया जाए, अन्यथा जिम्मेदारी स्कूल प्रशासन की होगी। रूट परमिट बसों की भी जांच की गई और नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने आह्वान किया कि त्योहारों के दौरान भीड़ वाले चौराहों पर वाहन सही स्थानों पर खड़ा करें। रोडवेज बस चालकों को भी चौराहों पर वाहन न रोकने के निर्देश दिए।

# विद्यार्थियों ने किया इमामबाड़े का भ्रमण

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**



लखनऊ स्थित इमामबाड़े का भ्रमण करते छात्र ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मदर एंथीना स्कूल द्वारा कक्षा नौ के छात्रों को नवाबों का शहर लखनऊ का एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण कराया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को भारतीय इतिहास वास्तुकला, और नबावी संस्कृति के व्यवहारिक ज्ञान से अवगत कराना था। भ्रमण के दौरान छात्रों ने विश्व प्रसिद्ध बड़ा इमामबाड़ा, और उसकी विस्मय भूल भुलैया को देखा। गाइड के माध्यम से विद्यार्थियों ने बिना स्तम्भों के बने विशाल हॉल के पीछे वैज्ञानिक रहस्यों और एम्पलीफायर तकनीकी वाली दीवारों के बारे में जाना। इसके बाद विद्यार्थियों ने छोटा इमामबाड़ा, रूमी दरवाजा, और ब्लॉक टावर का भी अवलोकन किया। इस भ्रमण में इतिहास के शिक्षकों के मार्गदर्शन में छात्रों ने इतिहास की बारीकी को नोट किया। और स्थापत्य कला के सुंदर चित्रों को अपने कैमरे में कैद किया।

इसके अलावा छात्रों द्वारा कुकरैल वन क्षेत्र के भ्रमण के दौरान मगरमच्छों की लुप्तप्राय प्रजातियों के पुराने पेड़ों, स्थानीय पक्षियों, तथा म्यूजियम और इंटरप्रिटेशन सेंटर का दौरा करते हुए जानकारियां अर्जित कीं। विद्यालय की निर्देशिका चयनिका सारस्वत ने इस यात्रा को शिक्षा और मनोरंजन का सटीक संगम बताया। उन्होने कहा कि मेरा मानना है कि अनुभव ही सबसे बड़ा शिक्षक है। जब विद्यार्थी किताबों में पढ़ी हुई वास्तुकला का साक्षात करते हैं तो उनका ज्ञान स्थायी हो जाता है। लखनऊ की यह यात्रा केवल ऐ पिकनिक नहीं अपने पूर्वजों की विरासत उनके वैज्ञानिक दृष्टिकोण और हमारी मिली जुली संस्कृति को समझने का एक माध्यम है।

सबसे पुराना स्थापित 1960
गुप्त रोगी रोजाना मिलें
हर जगह से परेशान रोगी मिले
नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी
बिना ऑपरेशन दर्द रहित उपचार
बबासीर
खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर
कांच का बिना ऑपरेशन इलाज दर्द रहित
उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
निकट जिला पंचायत चौपुला कुतुबखाना रोड, बरेली
मो. 9259082174

## जंगल किनारे बसे लोगों को उजाड़ने की चल रही साजिश

**पीलीभीत, अमृत विचार:** भाकपा माले की जिला कमेटी की बैठक रविवार देर शाम बल्लभ नगर स्थित कार्यालय में सम्पन्न हुई। जिला सचिव देवाशीष राय ने कहा कि टाइगर रिजर्व की सीमा से दो किलोमीटर की दूरी तक पारिस्थिकी संवेदी जोन घोषित करने की योजना का भाकपा माले विरोध करेगी। इसके खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। कहा कि जंगल के किनारे बसे लोग पहले से ही बाघों और जंगली जानवरों के हमलो से जान गवां रहे है और वन विभाग के उत्पीड़न से परेशान हैं। सरकार जंगल किनारे बसे किसानों-मजदूरों की रक्षा के लिए समुचित व्यस्था करने के बजाय उनकी जमीनों और गांवो को पारिस्थिकी संवेदी जोन के दायरे में लाकर उनके जीवन को और ज्यादा असुरक्षित बना रही है।

# विधायक ने कहा होली पर बिजली आपूर्ति निर्बाध रहे

**बिसौली, अमृत विचार :** बिसौली विधायक आशुतोष मौर्या ने क्षेत्र में होली पर्व को ध्यान में रख विद्युत विभाग से इस बाबत तैयारियों का जायजा किया। इस दौरान निर्बाध आपूर्ति के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।



विधायक आशुतोष मौर्य ।

होली पर्व पर क्षेत्रवासियों को बिजली कटौती की समस्या से न जूझना पड़े, इसके लिए विधायक आशुतोष मौर्या ने अधिशाषी अभियंता नरेंद्र चौधरी फोन कर निर्देशित किया कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में बिजली की सप्लाई शासन की मंशा और रोस्टर के अनुकूल सुनिश्चित की जाए। कहा कि होली के उल्लास में बिजली की कमी बाधा नहीं बननी चाहिए। क्षेत्र की जनता को निर्बाध बिजली मिलनी चाहिए। यदि लापरवाही बरती गई या बिना कारण कटौती की गई, तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कहा कि जर्जर तारों और फाल्ट की शिकायतों को तत्काल दूर करें। ताकि त्योहार के रंग में भंग न पड़े। निगम 15 फरवरी से 15 मार्च तक अनुरक्षण माह के अंतर्गत अनेक ट्रांसफॉर्मर की क्षमता बढ़ा चुका है, और हाई वोलटेज के तारों को टाइट भी कर रहा है। नई मशीनों को लगाया है।

# स्वयंसेवकों ने चलाया सफाई अभियान

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**



गांव नरऊ बुजुर्ग में स्वच्छता अभियान चलाते स्वयंसेवक।

- एनएसएस शिविर के दूसरे दिन गांव नरऊ बुजुर्ग में चलाया स्वच्छता अभियान

**अमृत विचार :** आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वामी विवेकानंद इकाई ने गांव नरऊ बुजुर्ग में सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन स्वच्छता अभियान चलाया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सतीश सिंह यादव के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने स्वच्छता के प्रति जनजागरण अभियान चलाया। ग्रामीणों में उत्साह का संचार हुआ। स्वयंसेवकों ने गांव में स्वच्छता रैली का आयोजन किया।

रैली में स्वयंसेवक तख्तियों और बैनरों के साथ नारे लगाते हुए आगे बढ़े। जिनमें स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत और स्वच्छता ही सेवा जैसे संदेश प्रमुख थे। रैली के बाद स्वयंसेवकों ने गांव के मुख्य चौराहों, सामुदायिक भवनों पर झाड़ू लगाई। गलियों व नालियों को साफ किया। दोपहर में आयोजित बौद्धिक संगोष्ठी में मुख्य अतिथि हिंदी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रेमचंद चौधरी ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छता अत्यंत आवश्यक है। कहा कि कूड़ा-करकट और नालियों में ठहरा पानी मलेरिया, टाइफाइड, डेंगू, त्वचा रोग, अस्थमा जैसी घातक बीमारियों को न्योता देता है। योगिता यादव, भारत, अंशुल, तमन्ना, वर्षा, अंश, राहुल, समीक्षा आदि शामिल रहे। स्वयंसेवक आगे शिविर में स्वास्थ्य जागरूकता, वृक्षारोपण और महिला सशक्तिकरण आदि कार्यक्रम करेंगे।

## बदायूं डायरी

### ब्लूमिंगडेल स्कूल में मनाया गया होली का त्यौहार



**बदायूं, अमृत विचार :** ब्लूमिंगडेल स्कूल में होली का त्योहार मनाया गया। एक-दूसरे को रंग लगाने के अलावा कई रंगारंग कार्यक्रम हुए। जिसमें होली की मस्ती से सराबोर नृत्य, गायन, लघु नाटिका आदि आकर्षण का केंद्र रहे। कई मनमोहक व संगीतमय कार्यक्रमों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। होली से संबंधित कविताएं और विचार व्यक्त किए गए। वहीं दूसरी ओर गुलाल की फुहार और गुझिया की मिठास ने भी अपने स्वाद व उत्साह में सबको सराबोर कर दिया। स्कूल अध्यक्ष पम्मी मेंहदीरत्ता ने होली बधाई देते हुए सौहार्द व एकता का संदेश दिया। प्रधानाचार्य संजीव सिंह राठौर ने होली से जुड़ी जानकारी दी। स्कूल निदेशक ज्योति मेंहदीरत्ता, मैनेजिंग हेड ईशान व श्वेता मेंहदीरत्ता, उप प्रधानाचार्य परशुराम मिश्रा, कोऑर्डिनेटर अंजला सोनी, मृणाल सक्सेना, सुषमा वर्मा एकेडमिक हेड सौरभ गांगुली आदि उपस्थित रहे।



### बिजली कर्मचारियों को मिष्ठान भेंट कर दी बधाई

**उसहैत, अमृत विचार :** होली के उपलक्ष में जेई रामकिशोर श्रीवास्तव ने विद्युत उपकेंद्र उसहैत पर कर्मचारियों के साथ रंग-गुलाल लगाकर होली खेली और उन्होंने सभी लोगों से गले मिलकर बधाई दी। जेई रामकिशोर श्रीवास्तव ने सभी कर्मियों एवं दर्जन भर संभ्रांत नागरिकों को मिठाई वितरण की। गले मिलकर शुभकामनाएं दी। उन्होंने विद्युत उपकेंद्र पर तैनात स्टाफ को नशा मुक्त एव गिले-शिकवे दूर कर भाई-चारे के साथ होली पर्व मनाने की अपील की। इस मौके पर टीम प्रभारी पुष्पराज सिंह टीजीटू सोनू सहित दर्जनभर से अधिक संभ्रांत एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।



### सर्व वैश्य मंच की ओर से आयोजित होगा होली मिलन

**बदायूं, अमृत विचार :** सर्व वैश्य गरिमा मंच संगठन के कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी पांच मार्च दोपहर तीन बजे सिटी मॉल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें समाज के लोगों की सहभागिता रहेगी। जिलाध्यक्ष शिव स्वरूप गुप्ता और ओमप्रकाश ने वैश्य और व्यापारियों से समारोह में पहुंचने का आह्वान किया है। बैठक में मुनीश अग्रवाल, नितिन गुप्ता, अजय मथुरिया, नितीश वार्ष्णेय, पंकज, भगवान स्वरूप, जितेंद्र गिरी आदि उपस्थित रहे।

### क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने मनाया होली मिलन समारोह



**उसावां , अमृत विचार :** खंड विकास कार्यालय प्रांगण में क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक राजीव कुमार सिंह बब्बू भैया रहे। विशिष्ट अतिथि चेयरमैन रविंद्र पाल सिंह ने सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों को रंगों के साथ उपहार भेंट किए। विधायक ने कहा कि हमारी सरकार बिना भेदभाव के कार्य कर रही है। जाति धर्म से ऊपर उठकर सभी का सम्मान सरकार में किया जा रहा है। इस मौके पर उसावां ब्लॉक प्रमुख पति दिनेश कुमार सिंह, म्याऊं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि केसी शाक्य,ओम प्रताप सिंह, प्रवेश प्रतापसिंह, अजीत कश्यप, आदेश प्रताप सिंह, सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### चार बच्चों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर बढ़ाया मान

**मझोला, अमृत विचार :** पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय गिधौर के बच्चों ने परचम लहराया। शासन स्तर पर आयोजित राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में यहां के चार छात्र छात्राओं मोहित राठौर, करन, भावना, मनीषा ने परीक्षा उत्तीर्ण की। कक्षाध्यापिका रितु बरनवाल समेत समस्त स्टाफ की भी सराहना की गई। सभी का स्वागत किया गया।

### गश्त कर देखे इंतजाम

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** होली को लेकर सुरक्षा बंदोबस्त सख्त हैं। एसपी समेत अन्य अधिकारी भ्रमण कर हालात परखने में जुटे हैं। इसी क्रम में सोमवार को ग्राम पौटाकलां, गाजीपुर मुगल, कस्बा बरखेड़ा, सिमरिया ताराचंद, कटकवारा में एएसपी विक्रम दहिया, सीओ प्रगति चौहान ने पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की।

### स्कूल में खेला रंग

**बिलसंडा, अमृत विचार :** नगर के रूप देवी पब्लिक इंटर कॉलेज में स्कूली बच्चों ने सोमवार को जमकर रंग खेला।एक दूसरे को रंग लगाकर होली पर्व मनाया। शिक्षकों ने बच्चों को होली का त्यौहार के महत्व के बारे में जानकारी दी। होली का त्यौहार मनाने का कारण बताया। इस दौरान प्रबंधक शिवेंद्र कुशवाहा, शौर्य कुशवाहा, काव्या, मानसी, राखी, उदित, अजय, आरव आदि मौजूद रहे।

# ईरान-इजरायल व खाड़ी देशों में फंसे लोगों की सूचना हो रही संकलित

## राहत आयुक्त कार्यालय के निर्देश पर मोबाइल नंबर जारी करके मांगी गई सूचना

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** इजरायल और अमेरिका लगातार ईरान पर बमबारी कर रहे हैं। वहीं ईरान ने भी दुबई समेत पांच से ज्यादा देशों पर मिसाइलों से हमला किया है। एक तरफ जिले में ईरान पर हमले का विरोध हो रहा है तो वहीं दुबई, ईरान, इजरायल आदि देशों में फंसे लोगों के परिजनों को चिंता हो रही है। जिसके चलते राहत आयुक्त कार्यालय ने उन देशों में रहने वाले लोगों की सूचना मांगी है। डीएम अविनाश राय की ओर से मोबाइल नंबर जारी किए हैं। बाहर रहने वाले लोगों की सूचना संकलित हो रही है।

राहत आयुक्त कार्यालय ने ईरान, इजरायल व खाड़ी के अन्य देशों में युद्ध संघर्ष से प्रभावित नागरिकों का विवरण चाहा गया है। अगर किसी के परिवार का व्यक्ति या पड़ोसी इन देशों में फंसा हो तो मोबाइल नंबर 750389289 व 9756804590 पर सूचना दें। जिस पर व्यक्ति का नाम व मोबाइल नंबर, पिता या अभिभावक का नाम, जिले में उनका पता, जिस देश में फंसे हों उसका नाम, व्यक्ति के विदेश जाने का उद्देश्य जैसे नौकरी, पढ़ाई या व्यापार आदि के बारे में बताना होगा। डीएम की ओर से सभी एसडीएम और तहसीलदार से सूचना मांगी गई है।

### संगठनों ने किया ईरान पर हमला करने का विरोध



**बदायूं, अमृत विचार :** अमेरिका के हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत हो गई थी। जिसका लेकर देश में विरोध शुरू हो गया था। सोमवार को जनहित सत्याग्रह मोर्चा और क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन ने मालवीय अध्यापक आवास गृह पर प्रदर्शन किया। संगठन के पदाधिकारी प्रेमपाल सिंह ने कहा कि अमेरिका और इजरायल ने ईरान के कई शहरों पर मिसाइल से हमला किया। अमेरिकी साम्राज्यवादी शासकों ने हाल ही में वेनेजुएला की संप्रभुता को रौंदते हुए राष्ट्रपति को अगवा कर लिया और कुछ समय बाद ही अब ईरान पर हमला कर दिया है। अमेरिका की ईरान पर यह कार्रवाई अन्यायपूर्ण और खुली गुंडागर्दी है। ईरान की संप्रभुता पर हमला है। कोई देश कैसी नीतियां बनाएगा यह उस देश का अपना संप्रभु फैसला होता है। इस पर किसी भी देश के अपने हितों के हिसाब से नीतियों को मनवाने का दबाव, धमकाने व हमला भी उस देश की संप्रभुता को रौंदना है। संगठनों ने अमेरिकी कार्रवाई की निंदा की है। उन्होंने लोगों ने हमले का विरोध करने का आह्वान किया। राम प्रकाश, चरन सिंह यादव, देवेंद्र सिंह, राम निवास, सतीश, राकेश सिंह, ऋषि, राजेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में बदायूं के युवक की मौत, एक घायल

**रामपुर, अमृत विचार:** बरेली-मुरादाबाद बाईपास स्थित संजीवनी हॉस्पिटल के पास रविवार देर रात सड़क हादसे में बदायूं के युवक की मौत हो गई। दो ममेरे-फुफेरे भाई पानीपत से बाइक से बदायूं लौट रहे थे। इनमें से एक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

मृतक की पहचान 21 वर्षीय मनोज के रूप में हुई है, जबकि घायल 20 वर्षीय सोनू उसका ममेरा भाई है। दोनों युवक हरियाणा के पानीपत में मजदूरी करते थे और होली के त्यौहार पर अपने घर बदायूं जिले के दातागंज लौट रहे थे। मृतक के परिजन मुकेश के अनुसार वे रविवार रात वो दोनों करीब आठ बजे पानीपत से निकले थे। रविवार देर रात जब वो संजीवनी हॉस्पिटल के सामने पहुंचे, तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि मनोज ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घायल सोनू को तत्काल उपचार के लिए बरेली के फतेहगंज के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है।

## कयामत तक जिंदा रहेगा खामेनेई का नाम :आलम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पूर्व डीजीसी सिविल अनवर आलम एडवोकेट ने दी जानकारी

**अमृत विचार :** बेहद मजबूत और बेखौफ रहनुमा ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह सैयद अली ख़ामेनेई को धोखे से शहीद कर दिया गया। उन्होंने जिंदगी की आखिरी सांस तक साम्राज्यवादी ताकतों का मजबूती से सामना किया और अपने मुल्क ईरान की संप्रभुता और अखंडता के लिए लड़ते हुए शहादत पाई।



अनवर आलम।

पूर्व डीजीसी सिविल अनवर आलम एडवोकेट सोमवार को पत्रकारों से रूबरू हुए। उन्होंने कहा तारीख में सरे फेहरिस्त उनका नाम इस बहादुरी और हक परस्ती के लिए ता कयामत महफूज रहेगा। बताया कि अयातुल्लाह खामेनेई नबी ए अकरम हुजूर मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम, हजरत अली और इमाम हुसैन के एक सच्चे पैरोकार थे। जिन्होंने दुनिया को यह पैगाम दिया कि हकपरस्त लोग बातिल के मुकाबले पर जान दे सकते हैं, मगर अपना सिर नहीं झुका सकते। यही वजह है कि आज देश व पूरी दुनिया में ना सिर्फ मुसलमान बल्कि सभी हक पसंद और इंसाफ पसंद लोग इस घटना से ग़मज़दा हैं और आयतुल्लाह खामेनेई पर हुए इस जालिमाना हमले की मजम्मत कर रहे हैं। बोले भारत और ईरान के संबंध सदियों पुराने हैं और अयातुल्लाह खामेनेई भारत के एक सच्चे दोस्त थे। वह महात्मा गांधी के सत्य अहिंसा के पैगाम और पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की नॉन अलाइनमेंट नीति से प्रभावित थे। उन्होंने बताया कि मुझे 2024 में अयातुल्लाह खामेनेई के भारत में विशेष राजदूत हिज एक्सेलेंसी आगा मेहंदी मेहदवीपुर का इकराम मंजिल में स्वागत करने का शरफ़ हासिल हुआ था। वह मेरे बुलावे पर बदायूं आए थे, यहां की गंगा जमुनी तहजीब से प्रभावित हुए। सूफी संतों के मजारों पर हाजिरी भी दी थी। मैं अयातुल्लाह खामेनेई पर हुए इस कायराना हमले से बेहद गमजदा हूं और इसकी मजम्मत करता हूं।

# सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



हादसे के बाद दरोगा और चिकित्सक में होती नोकझोंक। ● अमृत विचार

- रिश्तेदारी से लौटते समय सोमवार रात करनपुर के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार :** सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को जिला अस्पताल भेजा। जहां दारोग, सिपाही और चिकित्सक के बीच विवाद हुआ। दोनों ने एक दूसरे देख लेने की धमकी दी। आसपास मौजूद लोगों ने मामला शांत कराया।

थाना उघैती क्षेत्र निवासी गेंदन लाल पुत्र बदलू प्रजापति अपने बेटे शेर सिंह के साथ सोमवार देर रात बाइक से अपने रिश्तेदारी से गांव करनपुर से वापस लौट रहे थे। उघैती क्षेत्र ने गांव करनपुर के पास किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में पिता पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर एक दरोगा और दो सिपाही शवों के लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। इमरजेंसी में मृत घोषित करने के बाद शवों को मोर्चरी भिजवाया गया। जहां एक हेड सिपाही बौखलाया और वहां मौजूद स्टाफ से अभद्रता करने लगा। बोले कि मेरे कहे बिना दूसरी बॉडी मोर्चरी में क्यों रखवा दी। सिपाही गुस्सा गया और बोले कि तेरी और तेरे डॉक्टर की नौकरी खा जाऊंगा। सिपाही ने स्ट्रेचर मंगवाई। स्टाफ ने चिकित्सक से जाकर शिकायत कर दी। चिकित्सक डॉ नितिन सिंह मौके पर पहुंचे।मोर्चरी पर पुलिसकर्मी शांत हो गए लेकिन कुछ आगे बढ़ने पर मामला बिगड़ गया। दरोगा और दोनों सिपाहियों ने शराब पीने का आरोप लगाना शुरू कर दिया। जिसको लेकर बहस शुरू हो गई। एक तरफ पुलिसकर्मियों तो दूसरी तरफ मीडियाकर्मियों ने वीडियो बनाई। लेकिन सिपाहियों ने कहा कि क्यों वीडियो बना रहे हो, जो कराना है करा लेना। चिकित्सक इमरजेंसी और दरोगा व सिपाही मोर्चरी चले गए।

# बीती को विसार कर आगे के लिए कर्मों में करें सुधार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सेवा केंद्र की प्रभारी ने किया जागरूक

**अमृत विचार :** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के बदायूं स्थित सेवा केंद्र की प्रभारी व वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी करुणा दीदी ने होने की शुभकामनाएं देते हुए आध्यात्मिक रहस्य समझाया। उन्होंने कहा कि हो ली शब्द का तो उच्चारण है हो ली यानि जो बात हो गई उसका चिंतन न किया जाए। सबसे बड़ी बात यह है कि हो ली का रंग के साथ क्या संबंध है। वास्तव में तो ज्ञान का रंग, सत्संग का रंग ऐसा रंग है। जिससे मनुष्य बीती को विसार कर आगे के लिए अपने कर्मों को सुधार सकता है। बीती हुई बात को मन से निकाल कर अपने संबंधी व परिचित से प्रेम का नाता बनाया जा सकता है। प्रकृति के वृक्ष भी अपने पुराने पत्तों को त्यागते हैं तभी उनमें नई-नई पत्तियां और फूलों का सृजन होता है। इसी प्रकार मनुष्य को चाहिए कि वह अपने मन से बीती हुई बातों की हो ली में आहुति लगा दें तो उसके जीवन में नई आशाओं, नए संबंधों का सृजन होगा। जीवन में भरपूरता हो जाएगी। हो ली को हमें इसी रूप में मनाना चाहिए। इस अवसर पर बीके किरण दीदी, ललिता, सुरभि, प्रीति, रामस्वरूप सपरा, मुन्ना लाल शाक्य, दीनदयाल, मनोज, संजय आदि उपस्थित रहे।



ब्रह्माकुमारी।

# शांति व्यवस्था को पुलिस ने किया पैदल मार्च

संवाददाता, बिल्सी



पैदल रूट मार्च करते सीओ सुनील कुमार। ● अमृत विचार

- बिल्सी नगर में प्रमुख चौराहों और मोहल्लों में भी घूमी पुलिस
- इंस्पेक्टर ने कहा कि किसी ने खुराफात की तो जेल जाएगा

**अमृत विचार :** होली पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। सोमवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार सिंह और कोतवाल मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल ने नगर के मुख्य बाजारों व संवेदनशील इलाकों में पैदल रूट मार्च किया। रूट मार्च कोतवाली परिसर से शुरू होकर मुख्य बाजार, सर्राफा बाजार, अटल चौक और खैरी रोड सहित प्रमुख चौराहों से होकर गुजरा। मार्च का उद्देश्य आम जनता में सुरक्षा का विश्वास पैदा करना और असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश देना रहा। इस दौरान अधिकारियों ने सीसीटीवी कैमरों की स्थिति जांची और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। यातायात प्रबंधन व होली के दौरान संभावित हुड़दंग पर नियंत्रण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। सीओ सुनील कुमार सिंह ने दुकानदारों व नागरिकों से संवाद कर कहा कि शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि होलिका दहन स्थलों पर पुलिस बल तैनात किया गया है। इस मौके पर क्राइम इंस्पेक्टर वीके मौर्य, अशोक कुमार, विदेश कुमार शर्मा, पुष्पराज सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# बच्चों ने पास की छात्रवृत्ति परीक्षा, शिक्षकों ने दी बधाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। विकास क्षेत्र कादरचौक के उच्च प्राथमिक विद्यालय गंगपुर पुख्ता की पांच छात्राओं समेत छह बच्चों ने सफलता हासिल की है। शिक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले बच्चों को चार साल तक हर महीने एक-एक हजार रुपये छात्रवृत्ति दी जाएगी। इस तरह 48 हजार रुपये की छात्रवृत्ति मिलेगी। प्राथमिक विद्यालय खिरिया बाकरपुर की वंशिका, नीतू, संदीप, अमन और सलोनी के अलावा विकास क्षेत्र सालारपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय सिंगरौरा के छात्र सुमित, अरुण, सुनील और सपना ने भी परीक्षा पास की है। विद्यालयों के शिक्षक सचिन सक्सेना और विनीत कुमार सोलंकी ने बधाई दी।



पारुल यादव।



मोनिका।



प्राची।



निशा।



नेहा।

# कुंवरगांव में पुलिस की गश्त से लोग सतर्क



पैदल गश्त करते पुलिस के जवान। ● अमृत विचार

संवाददाता, कुंवरगांव

**अमृत विचार :** होली एवं आगामी त्योहारों के मद्देनजर नगर क्षेत्र में सोमवार को पुलिस द्वारा पैदल गश्त की गई। गश्त के दौरान पुलिस बल ने मुख्य सर्राफा मार्केट, होली चौक, पुरानी पुलिस चौकी, मुख्य चौराहा तथा रामलीला ग्राउंड सहित प्रमुख स्थानों का निरीक्षण किया।

पैदल गश्त का नेतृत्व थाना अध्यक्ष राजेश कौशिक ने किया। उन्होंने बाजारों में व्यापारियों व आमजन से संवाद कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और सभी से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। पुलिस ने संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए, तथा त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने की बात कही। गश्त के चलते बाजारों में सुरक्षा का माहौल नजर आया। थानाध्यक्ष ने क्षेत्र की जनता से होली पर्व को सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस बार होली और रमजान एक साथ है, उन्होंने लोगों से अपील की कि वह किसी मुस्लिम पर रंग न डाले और होली त्योहार को सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं, शराब पीकर हुड़दंग न करें, सौहार्द बिगाड़ने वालों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उसके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी।।इस दौरान एसआई सुकेंद्र सिंह, सुभाष आर्य, शीवेंद्र, कांस्टेबल पंकज कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# कटरा सआदतगंज में पुलिस ने सुरक्षा का लिया जायजा

संवाददाता, उसहैत

**अमृत विचार :** होली पर्व को लेकर स्थानीय पुलिस अलर्ट-मोड पर आ गयी है। सोमवार को थाना पुलिस ने कटरा में फ्लैग मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। लोगों से शांतिपूर्ण त्यौहार मनाने की अपील की। थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कटरा सहादतगंज पुलिस चौकी क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। थानाध्यक्ष ने चेतावनी देते हुए कहा कि हुड़दंग करने या माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वालों को जबरन रंग डालने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी हालत में बख्सा नहीं जाएगा, उन्होंने कहा भ्रामक या आपत्तिजनक टिप्पणी न करें, सोशल साइट्स पर आप पुलिस की निगरानी में हैं।



कटरा सआदतगंज में फ्लैग मार्च करती पुलिस। ● अमृत विचार


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**

मेरे पुराने पासपोर्ट सं. एम 6116297 में मेरा नाम अनवरी गलत दर्ज हो गया है जबकि मेरा सही नाम अनबरी बेगम (ANBARI BEGUM) है। मुझे इसी नाम से जाना जाए। अनबरी बेगम पत्नी **इकबाल अहमद (IQBAL AHMAD) नि. ग्राम रिछोला किफायतुल्ला पोस्ट, थाना व तह. नवाबगंज जिला बरेली।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र इमरान को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **मो. इकबाल पुत्र श्री मो. सद्दीक निवासी बुन्दा की डेरी जिला पीलीभीत।**

**आवश्यकता है**

अनुभवी व्यक्तियों की
- ओ.टी. टेक्नीशियन
- लैब टेक्नीशियन
- पी.आर.ओ (पब्लिक रिलेशन आफिसर)
- कंप्यूटर ऑपरेटर

वेतन योग्यतानुसार

सम्पर्क करें
एच.आर. ऑफिस एडमिन ब्लाक वरूण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
एन.एच.-30, बन्थरा, शाहजहाँपुर
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 04 बजे तक
मो. 7521001986

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।


# श्री बालाजी धाम में बच्चों को बांटी खुशियां



बच्चों को पिचकारी और रंग बांटते मटरू मल शर्मा व अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** रंगों के पावन पर्व होली पर नगर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल सिद्ध पीठ श्री बालाजी धाम में उल्लास और सेवा का संगम देखने को मिला।

धाम के महंत मटरू मल शर्मा के सानिध्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नन्हे-मुन्ने बच्चों के बीच होली की सामग्री का वितरण किया गया। बच्चों के चेहरों पर मुस्कान देखने को मिली। महंत द्वारा बच्चों को सुंदर व आधुनिक पिचकारी, रंग, गुलाल और आकर्षक होली कैप वितरित किए गए। उपहार पाकर नन्हे-मुन्ने बच्चे खुशी से झूम उठे। महंत मटरू मल शर्मा ने कहा होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि यह हमारे आपसी भाईचारे और प्रेम को मजबूत करने का पर्व है। सिद्ध पीठ बालाजी धाम में इस पावन उत्सव को बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

कार्यक्रम ने न केवल बच्चों की होली को खास बनाया, बल्कि समाज में प्रेम और सद्भावना का संदेश भी प्रसारित किया। इस अवसर पर स्वतंत्र राठी, सौरभ सोमानी, मयंक माहेश्वरी, चारु सोमानी, गोविंद सोमानी, नितीश माहेश्वरी आदि भक्त मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में युवक की मौत, नहीं हुई पहचान

**बदायूं, अमृत विचार :** बाइक सवार दो युवक सोमवार देर शाम अलापुर की ओर से शहर में आ रहे थे। सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के सामने किसी वाहन ने बाइक की भिड़ंत हो गई।

हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों युवकों को जिला अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सक डॉ. नितिन ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरे को भर्ती किया गया है। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। लोगों का कहना है कि वाहनों की गति अधिक होने के कारण हादसा हुआ। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है।

# कीचड़ और गंदे पानी में कैद जिंदगी

संवाददाता, वितरोई



गंदगी के पास खड़े ग्रामीण प्रदर्शन करते हुए। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मुजरिया थाना क्षेत्र के ग्राम भुजपुरा टप्पा जमुनी में रास्ते पर लंबे समय से भरे गंदे पानी ने ग्रामीणों की परेशानी बढ़ा दी है। जो रास्ता कभी गांव के आवागमन का मुख्य साधन हुआ करता था, वह अब गंदे पानी के तालाब में तब्दील हो चुका है। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री से शिकायत की है।

ग्राम भुजपुरा टप्पा के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा है कि गांव को आने जाने के मुख्य मार्ग पर कई सालों से गंदा पानी भरा है। ग्रामीणों को रोजाना घर से निकलने और वापस आने के लिए मजबूर गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल जाने वाले बच्चों को हो रही है, जो आए दिन पानी में फिसलकर गिर जाते हैं। इस समस्या को लेकर सोमवार को ग्रामीणों ने गंदे पानी में उतरकर विरोध प्रदर्शन किया, गांव के लोगों ने प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार ग्राम प्रधान से शिकायत करने के बावजूद जलभराव की समस्या का समाधान नहीं कराया गया। लगातार बढ़ रही दिक्कतों से परेशान ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से शिकायत कर रास्ते से जलभराव हटाने तथा मार्ग को चलने योग्य बनाने की मांग की है। विरोध प्रदर्शन करने वालों में मेघ सिंह पुत्र मिश्रीलाल, कृष्ण पाल, कुमार पाल, देवपाल, सुनील, नित्यानंद सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द समस्या का स्थायी समाधान कर गांव वासियों को राहत दिलाने की मांग की है।

